कोटद्वार, शनिवार
28 सितम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 151 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### 176 एलटी–प्रवक्तओं को भी मिली पुरानी पेंशन

देहरादून। नौकरी में ज्वाइन में विलंब की वजह से नई अंशदायी पेंशन योजना (एनपीएस) के दायरे में आए शिक्षकों की मुराद पूरी होने लगी। सरकार ने शिक्षकों को पुरानी लाभकारी पेंशन योजना (ओपीएस) का लाभ दोबारा देना शुरू कर दिया। एलटी और प्रवक्ता कैडर में 175 शिक्षकों को ओपीएस की सुविधा देने के आदेश जारी कर दिए गए। प्राथमिक कैडर में पिथौरागढ़ के 110 शिक्षकों को भी ओपीएस का लाभ देने के आदेश जारी हो चुका है। शिक्षा सचिव रविनाथ रमन ने इसके अलग अलग आदेश किए हैं। कोषागार निदेशक को भी इस बाबत पत्र भेजते हुए कार्यवाही करने को कहा गया है। सूत्रों के अनुसार अभी और शिक्षकों के लिए आदेश होने बाकी हैं। मालूम हो कि राष्ट्रीय स्तर पर एनपीएस एक अक्टूबर 2005 को लागू हुई थी। उत्तराखंड में 22 अक्टूबर 2005 को इसे लागू करने का आदेश हुआ था। लेकिन कई विभाग एक अक्टूबर 2005 से पहले ही भर्ती की विज्ञप्तियां जारी कर चुके थे। जबकि कुछ में चयन भी कर लिया गया था। कुछ तकनीकी वजहों से एलटी, प्रवक्ता, और बेसिक कैडर के शिक्षक एक अक्टूबर 2005 से पहले ज्वाइन नहीं कर पाए थे। देर से ज्वाइनिंग की वजह से उन्हें ओपीएस के बजाए एनपीएस में ले लिया गया। शिक्षक पिछले कई वर्षों से इसका विरोध करते आ रहे हैं।

राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने सरकार के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विभाग में ओपीएस के दायरे में आने वाले सभी शिक्षकों के लिए भी जल्द से जल्द आदेश जारी किए जाने चाहिए।

### चिन्यालीसौड़ में भूधंसाव का खतरा बढ़ने से लोगों में दहशत

उत्तरकाशी। टिहरी बांध झील का जलस्तर 819 आरएल पहुंचने पर झील के तटवर्ती क्षेत्रों में भू–धंसाव का खतरा बढ़ गया है। इससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। यहां आर्च ब्रिज से चिन्यालीसौड़ तक जाने वाले मोटर मार्ग में सुरक्षा के इंतजाम न होने पर झील के बढ़ते जलस्तर से स्कूली छात्रों तथा ग्रामीणों की आवाजाही जोखिम में हो रही है। व्यापार मंडल व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बीते दिन ईओ नगर पालिका से मुलाकात कर सुरक्षा कार्य करवाने की मांग रखी। उन्होंने तत्काल सुरक्षा का आश्वासन दिया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने यहां टीएचडीसी से भी सुरक्षात्मक कार्य करवाने की मांग की है। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शूरवीर सिंह रांगड़ ने बताया कि टिहरी बांध की झील के बढ़ते जलस्तर से प्रभावित 16 गांव के तटवर्तीय आबादी वाले क्षेत्रों में जहां भू–धंसाव के खतरे से दहशत का माहौल है।

वहीं झील किनारे सुरक्षा इंतजाम न होने के कारण लोगों को पैदल रास्तों पर जान हथेली में रखकर आवाजाही करनी पड़ रही है। कहा कि नगर पालिका चिन्यालीसौड़ के आर्च ब्रिज से जोगत मोटर मार्ग से सैकड़ों ग्रामीणों सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राएं आवाजाही करते हैं। लेकिन टीएचडीसी द्वारा कोई भी सुरक्षा के इंतजाम यहां पर नहीं किए गए हैं। इससे कई मवेशियों सहित स्थानीय लोगों की झील में डूबने से मौत हो चुकी है।

### तालाब किनारे मिला युवक का शव, करंट से मौत की आशंका

काशीपुर। कुंडेश्वरी में एक स्कूल के तालाब के किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। करंट लगने से उसकी मौत होने की आशंका जताई जा रही है। कुंडेश्वरी निवासी 24 वर्षीय मोहित चौधरी पुत्र मुकेश चौधरी गुरुवार दोपहर बाद से लापता था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। शुक्रवार दोपहर एक व्यक्ति ने किसान इंटर कालेज के तालाब के पास मोहित चौधरी का शव पड़ा देखा। उसमें प्रधान पति संजय चौधरी को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली से एसएसआई सतीश शर्मा पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएसआई सतीश शर्मा ने बताया कि मृतक अपने परिवार में इकलौता पुत्र था। वह मजदूरी कर अपने परिवार का हाथ बंटाता था। तालाब के किनारे बिछाए गए तारों की चपेट में आकर करंट लगने से उसकी मौत होने की आशंका है।

## सरकार ने संसदीय समितियों का किया गठन

नई दिल्ली। संसद की स्थायी समितियों का गठन कर दिया गया है। भाजपा के भर्तृहरि महताब वित्त संबंधी समिति के अध्यक्ष होंगे जबकि कांग्रेस के शशि थरूर विदेश मामलों संबंधी संसदीय समिति की कमान संभालेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी रक्षा संबंधी समिति के सदस्य बनाए गए हैं। हालांकि सोनिया गांधी का नाम किसी भी समिति में नहीं है।

**ये समितियां विभिन्न मंत्रालयों के कामकाज पर नजर रखती हैं**

भाजपा के प्रमुख सहयोगी दल जैसे तेदेपा और जदयू के अलावा चुनावी राज्य महाराष्ट्र में उसके सहयोगी दल शिवसेना और एनसीपी एक–एक समिति का नेतृत्व करेंगे। राज्यसभा सचिवालय की ओर से गुरुवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई। अलग–अलग मंत्रालयों की इन स्थायी संसदीय समितियों में सभी दलों के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह समितियां विभिन्न मंत्रालयों के कामकाज पर नजर रखती हैं। रक्षा संबंधी समिति की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह करेंगे। गृह मामलों की समिति की अध्यक्षता भाजपा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल करेंगे। एनसीपी के एकमात्र लोकसभा सदस्य सुनील तटकरे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस संबंधी समिति की अध्यक्षता करेंगे और शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बारने ऊर्जा संबंधी समिति की अध्यक्षता करेंगे। जदूय के संजय झा परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी समिति के अध्यक्ष होंगे, जबकि तेदेपा के मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी आवास और शहरी मामलों संबंधी समिति की अध्यक्षता करेंगे। कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी को कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण और सप्तगिरि उलाका को ग्रामीण विकास और पंचायती राज संबंधी समितियों का अध्यक्ष बनाया गया है। द्रमुक के तिरुचि शिवा और के कनिमोझी क्रमशः उद्योग और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी समितियों की अध्यक्षता करेंगे।

**अनुराग ठाकुर को मिली ये जिम्मेदारी**

पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को कोयला, खान और इस्पात तथा और राजीव प्रताप रूडी को जल संसाधन समितियों की अध्यक्षता सौंपी गई है। भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे को संचार और सूचना प्रौद्योगिकी समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। स्वास्थ्य संबंधी समिति की अध्यक्षता सपा नेता राम गोपाल यादव करेंगे जबकि तृणमूल नेता डोला सेन और कीर्ति आजाद क्रमशः वाणिज्य और रसायन एवं उर्वरक संबंधी समितियों का नेतृत्व करेंगे।

## देश में बढ़ा मंकीपॉक्स का खतरा, केरल में दूसरा केस मिलने से चिंता

नई दिल्ली। केरल में मंकीपॉक्स का दूसरा मामला सामने आया है। वहीं, देश में मंकीपॉक्स का यह तीसरा मामला है। शख्स एर्नाकुलम का निवासी है। केरल स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार, व्यक्ति की हालत स्थिर है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**दुबई से केरल लौटा शख्स पाया गया था मंकीपॉक्स संक्रमित**

इससे पहले दुबई से केरल लौटे शख्स मंकीपॉक्स से संक्रमित पाए गए थे। 38 वर्षीय शख्स का मलपुरम जिले में इलाज चल रहा है। वहीं, 9 सितंबर को देश में मंकीपॉक्स के पहले मरीज मिलने की पुष्टि हुई थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया था कि विदेश से लौटे एक व्यक्ति को 8 सितंबर को मंकीपॉक्स के संदेह में आइसोलेशन में रखा गया था।

**केंद्र सरकार ने जारी की है एडवाइजरी**

मंकीपॉक्स के मामले पर लगाम लगाने के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को एडवाइजरी जारी कर दी है। केंद्र सरकार ने कहा है कि मंकीपॉक्स के मामले सामने न आए, इसके लिए राज्यों को हेल्थ एक्शन लेना चाहिए।

## सरकार भू-कानून एवं मूल निवास के मुद्दे को लेकर संवदेनशील : धामी

**कहा राज्य सरकार अगले बजट सत्र में वृहद भू-कानून लाने हेतु प्रयासरत**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार भू-कानून एवं मूल निवास के मुद्दे को लेकर संवदेनशील है और हम अगले बजट सत्र में उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप एक वृहद भू कानून लाने हेतु प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मार्च 2021 से अब तक लंबे समय से चले आ रहे विभिन्न मामलों का निस्तारण हमारी सरकार ने ही किया है, उसी प्रकार मैं, उत्तराखंड की जनता को यह विश्वास दिलाता हूं कि भू कानून के मुद्दे का समाधान भी हमारी सरकार ही करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखण्ड में नगर निकाय क्षेत्र से बाहर ढाई सौ वर्ग मीटर भूमि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति खरीद सकता है, परंतु ऐसा संज्ञान में आया है कि एक ही परिवार में अलग-अलग नामों से भूमि क्रय करके उक्त प्राविधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। इसकी जांच करायेंगे और जिन भी व्यक्तियों ने ऐसा किया है उनकी भूमि राज्य सरकार में निहित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जिन भी व्यक्तियों ने पर्यटन, उद्योग आदि व्यवसायिक गतिविधियों के लिए अनुमति लेकर भूमि क्रय की है, परंतु उस भूमि का उपयोग इस प्रयोजन हेतु नहीं किया, ऐसी जमीनों का विवरण तैयार करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के विरुद्ध भी सख्त कार्यवाही की जायेगी और उनकी जमीनें राज्य सरकार में निहित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भी संज्ञान में आया है कि भूमि क्रय संबंधी नियमों में वर्ष 2017 में जो बदलाव किए गए थे, उनका परिणाम सकारात्मक नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्राविधानों की समीक्षा की जायेगी और आवश्यक हुआ तो इन प्राविधानों को समाप्त कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के मूल स्वरूप को बचाने के उद्देश्य से उठाए जा रहे इन कदमों से किसी भी ऐसे व्यक्ति या संस्थाओं को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, जिनके निवेश से उत्तराखंड में पर्यटन, शिक्षा, उद्योग, व्यापार आदि विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार सृजन होता है तथा अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती है।

## उत्तराखंड में अब उप रजिस्ट्रार नहीं करेंगे विवाह व तलाक के पंजीकरण

**● समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद लागू होगी नई व्यवस्था**

देहरादून। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने के दृष्टिगत इसमें शामिल प्रविधानों को लेकर नियमावलियों को अब तेजी से अंतिम रूप दिया जा रहा है। संहिता में प्रविधान किया गया है कि विवाह और विवाह विच्छेद के लिए नगर निगम, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत स्तर पर नगर आयुक्त एंव अधिशासी अधिकारी पंजीकरण कर सकेंगे।

इसकी नियमावली से संबंधित प्रस्ताव को वित्त एवं शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने अनुमोदन दिया है। समान नागरिक संहिता लागू होने पर यह व्यवस्था अमल में आएगी। अभी तक विवाह व तलाक के पंजीकरण उप रजिस्ट्रार के माध्यम से होते हैं।

**कब क्या हुआ?**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था। फिर से सरकार बनने पर मुख्यमंत्री ने इसमें देर नहीं लगाई कि संहिता का प्रारूप तैयार करने को विशेषज्ञ समिति का गठन किया।

समिति से रिपोर्ट मिलने के बाद उत्तराखंड समान नागरिक संहिता विधेयक को विधानसभा से पारित कराया गया। इसे राष्ट्रपति भवन की मंजूरी मिल चुकी है। इसके साथ ही सरकार ने समान नागरिक संहिता कानून में उल्लिखित प्रविधानों के दृष्टिगत नियमावली का प्रारूप तैयार करने को विशेषज्ञ समिति गठित की। इसी क्रम में नियमावलियों से संबंधित प्रस्तावों पर अनुमोदन लिए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने भी इस कड़ी में विवाह और विवाह विच्छेद से संबंधित प्रस्ताव को अनुमोदित किया है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद शहरी स्थानीय निकायों में विवाह व विवाह विच्छेद के पंजीकरण सक्षम अधिकारी करेंगे। सक्षम अधिकारी ही उप रजिस्ट्रार का दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्य में सुगमता लाने और पंजीकरण में तीव्रता के लिए यह किया जा रहा है।

विवाह और विवाह विच्छेद के पंजीकरण की कार्रवाई आनलाइन होगी और समान नागरिक संहिता पोर्टल के माध्यम से संपादित की जाएगी। इस कार्य के लिए सक्षम अधिकारी को कोई अतिरिक्त वेतन भत्ता देय नहीं होगा। उन्होंने बताया कि निकायों में इससे संबंधित आंकड़ों को केंद्रीयकृत डाटा के रूप में संग्रहीत किया जाएगा।

## कॉलेज में दो छात्राएं भिड़ी, जमकर चले लात–घूंसे

हल्द्वानी । एमबीपीजी कालेज पढ़ाई में कम और विवादों की वजह से ज्यादा चर्चा में रहता है। वहीं, चुनावी समर में छात्रगुटों के बीच मारपीट होना आम बात है, लेकिन गुरुवार को छात्र नहीं, बल्कि दो छात्राएं ही आपस में भिड़ गईं। दोनों बीच जमकर लात–घूंसे चले। सभी का कहना था कि कॉलेज डब्ल्यूडब्ल्यूई का रिंग बन गया। छात्रसंघ निर्वाचन के माहौल में विवाद चुनाव को लेकर नहीं, बल्कि किसी अन्य कारण से हुआ। परिसर में इस मारपीट की घटना को देख हर कोई दंग रह गया। मामले को लेकर अलग–अलग चर्चाएं होती रहीं। एमबीपीजी कालेज दो दिन अवकाश के बाद गुरुवार खुला। ऐसे में परिसर में चुनावी गतिविधियां चरम पर रहीं। विभिन्न पदों को संभावित दावेदारों ने समर्थकों संग रैली निकाली।

**पहले हुए दोनों में बहस**

इसी बीच दोपहर करीब 12 बजे महाविद्यालय प्रवेश कक्ष के पास दो छात्राओं में काफी देर से बहस चल रही थी। दोनों ने ऊंची आवाज में एक–दूसरे से बात करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते दोनों छात्राओं ने पहले एक–दूसरे को थप्पड़ मारे और फिर उनमें हाथापायी शुरू हो गई।

## महाराज ने किया 85 लेम्बोर्गिनी कारों के डेलिगेशन का स्वागत

**लैंबॉर्गिनी मालिकों ने उठाया पहाड़ी भोजन का लुत्फ**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने विश्व पर्यटन दिवस पर ऋषिकेश स्थित ताज होटल में 85 लेम्बोर्गिनी कारों में आये पर्यटकों का स्वागत करने के साथ-साथ उन्हें पहाड़ी भोजन भी खिलाया।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने विश्व पर्यटन दिवस के पर शुक्रवार को ऋषिकेश स्थित ताज होटल में लेम्बोर्गिनी इंडिया हेड शरद अग्रवाल के नेतृत्व में आये 85 लेम्बोर्गिनी कारों के पर्यटकों का स्वागत करने के साथ-साथ उन्हें पहाड़ी भोजन भी खिलाया। लेम्बोर्गिनी इंडिया 26 से 29 सितंबर, 2024 तक ग्राहक ड्राइव और अनुभव कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जो कि दिल्ली-ऋषिकेश-मसूरी-हरिद्वार से अपनी लेम्बोर्गिनी चलाएंगे। इनके पास लीड कारों और बैकअप कारों सहित लगभग 85 कारों का काफिला है। 28 से 29 सितंबर तक कारों का यह काफिला मसूरी में रहेगा। पर्यटन मंत्री श्री महाराज ने बताया कि लेम्बोर्गिनी 2024 के दौरान भारत भर से जुड़ने वाले कार मालिकों के लिए अनुभवों को क्यूरेट करके ऋषिकेश, मसूरी और हरिद्वार शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, खाद्य अनुभव और हस्तशिल्प का प्रदर्शन करेगा।

## यौन शोषण के आरोपी को कोर्ट ने सुनाई सजा–ए–मौत

**21 बच्चों को बनाया था हवस का शिकार**

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश की एक पॉक्सो अदालत ने शि–योमी जिले में 15 लड़कियों सहित 21 बच्चों के यौन उत्पीड़न के जुर्म में एक सरकारी आवासीय विद्यालय के पूर्व वार्डन को मौत की सजा सुनाई है।

**दो अन्य लोगों को भी 20–20 वर्ष सश्रम कारावास**

यूपीया के पश्चिमी सत्र संभाग के विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) की अदालत ने मामले में संलिप्तता के लिए दो अन्य लोगों को भी 20–20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। मुख्य आरोपी युमकेन बागरा शि–योमी जिले के कारो सरकारी आवासीय विद्यालय के छात्रावास का वार्डन था, जहां उसने 2019 से 2022 के बीच 6 से 15 वर्ष की आयु की 15 लड़कियों सहित 21 बच्चों का यौन उत्पीड़न किया था।

**अपराध की गंभीरता को देखते हुए मौत की सजा सुनाई गई**

राजधानी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि सह–आरोपी मार्बीम गोमदिर हिंदी शिक्षक है, जबकि सिंगतुन योरपेन विद्यालय का पूर्व प्रधानाध्यापक है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बागरा को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 328 और 506 के साथ–साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 6, 10 और 12 के तहत दोषी ठहराया गया और उसके अपराध की गंभीरता को देखते हुए उसे मौत की सजा सुनाई गई।

**एसपी ने कही ये बात**

एसपी ने कहा कि यह निर्णय न केवल तात्कालिक मुद्दे का समाधान करता है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा के बारे में व्यापक सामाजिक जागरूकता के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में भी कार्य करता है, तथा उनके अधिकारों और कल्याण की रक्षा करने की सामूहिक जिम्मेदारी को मजबूत करता है।

## गुरुद्वारा नानकसर से श्री हेमकुंड साहिब को 29 से यात्रा

काशीपुर। गुरु रामदास जी गुरुगद्दी और गुरु अमर दास जी के ज्योति जोत दिवस को समर्पित 6 दिवसीय विशेष यात्रा गुरुद्वारा नानकसर ठाठ गजरौला से श्री हेमकुंड साहिब के लिए 29 सितंबर रविवार को प्रातः 5 बजे गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह की अगुवाई में रवाना होगी। गुरुद्वारा नानकसर के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह ने बताया कि यात्रा को लेकर संगत में भारी उत्साह है। इसके चलते 26 बसों और 13 चौपहिया और 30 दो पहिया वाहनों की वयवस्था की गई है। यात्रा में 1100 महिला पुरुष श्रद्धालुओं का जत्था गुरुद्वारा नानकसर से रवाना होगा। अब तक की यात्राओं की तुलना में इस बार यह सबसे बड़ा जत्था होगा। श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा संपूर्ण होने के पश्चात 4 अक्टूबर को 5 बजे गुरुद्वारा नानकसर गजरौला में यात्रा की वापसी होगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान गोविंद घाट से लेकर गोविंद धाम और श्री हेमकुंड साहिब तक की 19 किलोमीटर पदयात्रा होगी।

## आदेश का पालन क्यों नहीं कराया', मुख्य सचिव और डीजीपी पर भड़का चुनाव आयोग, नोटिस जारी

नई दिल्ली। तीन साल से अधिक समय से एक जिले में जमे अधिकारियों के तबादले को लेकर दिए गए आदेश का सख्ती से पालन न कराने पर निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी किया है। साथ ही पूछा है कि बताएं तबादला आदेश का पालन क्यों नहीं कराया गया है। आयोग ने इस दौरान राज्य के मुख्य सचिव को ओर से तबादलों से जुड़ी पालन रिपोर्ट मुहैया न कराने को भी गंभीरता से लिया है। चुनावी तैयारियों को जांचने के लिए आयोग इन दिनों राज्य के दौरे पर है।

**आयोग ने रवैये पर जताई नाखुशी**

विधानसभा चुनाव की तैयारियों को जांचने महाराष्ट्र पहुंचे आयोग ने इस दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों के रवैए पर नाखुशी जताई है। आयोग ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और डीजीपी को अधिकारियों के तबादले के आदेश 31 जुलाई 2024 को ही दिया था। साथ ही उसकी अमल की रिपोर्ट 20 अगस्त 2024 तक मुहैया कराने को कहा था।

आयोग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इस बीच राज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक की ओर से 13 सितंबर 2024 को अमल की एक आधी–अधूरी रिपोर्ट दी गई है, जिसमें लंबे समय से एक ही जगह पर जमे करीब सौ पुलिस इंस्पेक्टर के तबादले न करने की भी जानकारी सामने आई है। वहीं राज्य के मुख्य सचिव की ओर से कोई अमल की रिपोर्ट नहीं दी गई।

**सख्त कार्रवाई कर सकता है आयोग**

माना जा रहा है कि राज्य के बड़ी संख्या में राजस्व अधिकारी भी एक ही जगह पर लंबे समय से जमे हैं। सूत्रों की मानें तो इन अधिकारियों के जवाब मिलने के बाद आयोग इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी कर सकता है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 30 नवंबर 2024 तक ही है। ऐसे में आयोग राज्य में इससे पहले चुनाव कराने की तैयारियों में शिद्दत के साथ जुटा हुआ है।

## उत्तराखंड में मानसून ने फिर पकड़ा जोर

**केदारनाथ पैदल मार्ग पर मलबा आने से पति–पत्नी गंभीर घायल**

देहरादून। उत्तराखंड में मौसम के करवट बदलने से मानसून की वर्षा ने फिर जोर पकड़ लिया है। खासकर पर्वतीय क्षेत्रों में भारी वर्षा हो रही है। बीते बुधवार को देहरादून, हरिद्वार समेत कई जिलों में भारी वर्षा हुई। जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया। गुरुवार को भी कई जगह वर्षा का क्रम जारी रहा।

**केदारनाथ पैदल मार्ग पर आया मलबा, पति–पत्नी गंभीर घायल**

केदारनाथ पैदल मार्ग भीम बाली के पास पहाड़ी से मालवाने के चलते एक महिला समेत दो गंभीर रूप से घायल होंगे। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार को समय करीब साढ़े तीन बजे भीमबली गढ़वाल मंडल विकास निगम के पास श्री केदारनाथ की ओर बन रहे नए रास्ते से अचानक मलबा/पत्थर आने से दुकानदार राकेश कुमार पुत्र मंगलराम निवासी ग्राम परकंडी थाना ऊखीमठ उम्र 47 वर्ष व उनकी पत्नी श्रीमती प्रभा देवी पत्नी राकेश कुमार उम्र 38 वर्ष दोनो मलबे में दब गए।

सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस एवम स्थानीय लोगो की मदद से दोनो को मलबे से बाहर निकाला गया और उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्र भीमबली ले जाया गया। महिला के सिर पर काफी चोटे आई है और पैर फैक्चर हुआ है एवं राकेश के पैर में चोट लगी है। महिला को चिकित्सक द्वारा रेफर किया जा रहा है।

**दो दिन जारी रह सकता है भारी वर्षा का सिलसिला**

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, प्रदेश में अगले दो दिन भारी वर्षा का सिलसिला जारी रह सकता है। शुक्रवार को बागेश्वर में भारी से बहुत भारी वर्षा को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा चमोली, पिथौरागढ़, चंपावत व नैनीताल में कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ भारी वर्षा हो सकती है। इसके लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## पूर्व सीएम के हत्यारे ने सुप्रीम कोर्ट से फिर लगाई माफी की गुहार

नई दिल्ली। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में मृत्युदंड की सजा पाए बलवंत सिंह राजोआना ने एक बार फिर फांसी की सजा माफ करने और रिहाई के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राजोआना ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर दया याचिका निपटाने में देरी का आरोप लगाते हुए मौत की सजा उम्रकैद में तब्दील करने और रिहाई का आदेश देने की मांग की। कोर्ट ने राजोआना की याचिका पर केंद्र सरकार, पंजाब सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन को नोटिस जारी किया है।

**पिछले साल भी लगाई थी गुहार**

बलवंत सिंह राजोआना पिछले 28 वर्षों से जेल में है। पिछले वर्ष मई में सुप्रीम कोर्ट ने राजोआना की फांसी की सजा माफ करने से इन्कार किया था। अब राजोआना ने एक नई याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है और इसमें भी दया याचिका निपटाने में अत्यधिक देरी को आधार बनाते हुए मृत्युदंड को उम्रकैद में तब्दील करने की मांग की है। इसके अलावा याचिका में रिहाई का भी आदेश मांगा गया है। राजोआना की याचिका जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष सुनवाई पर लगी थी। बलवंत सिंह की ओर वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी, अधिवक्ता दीक्षा राय और गुरिंजदर सिंह अतीगा सिंह पेश हुए। पीठ ने उनकी दलीलें सुनने के बाद याचिका पर प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए चार नवंबर तक जवाब मांगा है।

## सम्पादकीय

# साम्प्रदायिक टकराव

शांत देव भूमि की राजधानी में एकाएक साम्प्रदायिक टकराव की घटना ने कई सवाल खदेवकर दिए। दो युवाओं के एक प्रकरण में दून में कुछ इस प्रकार से बवाल हुआ कि राजधानी का अधिकांश बाजार बंद हो गया और पुलिस को एहतियात के तौर पर कुछ गिरफ्तारियां भी करनी पड़ी। इससे पहले जमकर बवाल, मारपीट और पथराव भी हुआ जिसमें कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त कर दिए गए। देवभूमि उत्तराखंड के लिए इस प्रकार की घटनाएं अस्वीकृत रही हैं क्योंकि यहां का माहौल विषम से विषम परिस्थितियों में भी काफी सौहार्दपूर्ण रहा है। यह प्रकरण दो समुदाय से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है जिसमें एक समुदाय की लड़की अपने प्रेमी से मिलने के लिए बदायूं से देहरादून पहुंच गई और रेलवे स्टेशन में एक पक्ष के लोगों ने लड़के की पिटाई कर दी। वही लड़के के पक्ष में भी भारी संख्या में कट्टरपंथी पहुंच गए और फिर दोनो ओर से जमकर बवाल हुआ। मामला बेहद साधारण–सा था जिसमें लड़की घर से भाग कर देहरादून पहुंच गई, जिसकी लोकेशन के आधार पर बदायूं पुलिस कार्रवाई के लिए देहरादून पहुंचने वाली थी। मामले को आपसी समझौते से भी सुलझाया जा सकता था लेकिन कुछ लोग जो खुद को धर्म का ठेकेदार समझने लगे हैं उन्होंने न केवल युवक को बुरी तरह से पीट डाला बल्कि देहरादून की शांत हवा और भाईचारे को भी आग देने की कोशिश की। जिला पुलिस ने तत्परता एवं सख्ती के साथ इस पूरे मामले पर नियंत्रण किया और हंगामा करने वालों को गिरफ्तार भी किया। हालांकि घटना के विरोध में बड़ी संख्या में व्यापारी और धार्मिक संगठन सड़कों पर उतर आए, जिस पर कुछ की गिरफ्तार किया गया। बाद में गिरफ्तार लोगों को रिहा किया गया, लेकिन पूरी घटना देहरादून के लिए काफी अप्रत्याशित रही। राजधानी देहरादून का अतीत तो उठा कर देखें तो राष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चित मुद्दों के बावजूद भी देहरादून के लोगों ने आपसी भाईचारे एवं शांति का ही परिचय दिया है। पुलिस के लिए यह जांच का विषय है कि लड़की के देहरादून रेलवे स्टेशन पहुंचने और लड़के से मिलने के बात का पूरा खेल क्या किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा तो नहीं था या फिर कहीं कोई ऐसी कोशिश तो नहीं थी कि इस मामले को सांप्रदायिकता का रूप दे दिया जाए। सराहना करनी होगी जिला प्रशासन एवं राजधानी पुलिस की जिसने पूरे मामले में बेहद संजीदगी साथ न केवल दोनों पक्षों को समझाने बुझाने में अपनी भूमिका निभाई बल्कि राजधानी देहरादून को एक बड़े सांप्रदायिक बवाल से भी बाहर निकाल लिया। उत्तराखंड की जनता ने हमेशा से ही शांति और सौहार्द को प्राथमिकता दी है और इस मामले में भी यहां के लोगों ने सहनशीलता तथा समझदारी से काम लेते हुए अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय दिया है। इस प्रकरण से जुड़े हुए ऐसे सभी लोग बेनकाब होने चाहिए जो इसे एक सांप्रदायिक रूप देने के प्रयास में थे और देर रात जिनके द्वारा रेलवे स्टेशन में भारी उपद्रव किया गया।

# नवीकरणीय ऊर्जा—भारत के आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रही है

**प्रल्हाद जोशी**

भारत का 2070 तक नेट–जीरो कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विस्तार और एकीकरण पर केंद्रित है, जो सतत विकास पथ के प्रति देश की प्रतिबद्धता का एक प्रमुख घटक है। तेजी से बढ़ती आबादी के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में से एक के रूप में, भारत कार्बन उत्सर्जन को कम करते हुए बढ़ती ऊर्जा खपत की मांग को पूरा करने की संयुक्त चुनौती का सामना कर रहा है। इन कारकों को संतुलित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा सबसे व्यवहार्य समाधान को दर्शाती है।

आत्मनो मोक्षार्थं जगदहिताय च – जो स्वयं की मुक्ति और दुनिया के कल्याण का संकेत देता है। विश्व में सबसे कम प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वाले देशों में से एक होने के बावजूद, भारत न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ ऊर्जा के मुद्दे की वकालत कर रहा है बल्कि अन्य देशों को भी इस मुहिम में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है।

ग्लासगो में कॉप26 में अपनी घोषणा में जलवायु परिवर्तन से निपटने के भारत के संकल्प पर जोर दिया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने "पंचामृत" पहल के तहत पांच प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए। उनमें नवीकरणीय ऊर्जा महत्वपूर्ण घटक है।

देश ने 2030 तक 500 गीगावॉट गैर–जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता हासिल करने और उसी वर्ष तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा करने का संकल्प लिया है जिसमें सौर ऊर्जा का योगदान 58 प्रतिशत और पवन ऊर्जा का योगदान लगभग 20 प्रतिशत है। ये लक्ष्य 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को अनुमानित एक अरब टन तक कम करने और अपनी अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता में 45 प्रतिशत की कमी करने के भारत के व्यापक उद्देश्य के अनुरूप हैं।

नवीकरणीय ऊर्जा ऐसा क्षेत्र है जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पिछले 10 वर्षों में परिवर्तनकारी बदलाव किए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र पर प्रधानमंत्री के विशेष ध्यान ने भारत को वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में चौथे, पवन स्थापित क्षमता में चौथे और सौर क्षमता में पांचवें स्थान पर लाने में मदद की है। सौर ऊर्जा क्षमता में, भारत 2014 तक केवल 12.5 गीगावॉट तक पहुंच पाया था लेकिन अब लगभग 89 गीगावॉट हासिल रहा है, जो केवल 10 वर्षों में 30 गुना से अधिक हो गई है। यहां तक कि पवन स्थापित क्षमता में भी, 10 वर्षों में 2.2 गुना वृद्धि हुई है जो 21 गीगावॉट से बढक़र 47 गीगावॉट हो गई है।

वहनीयता के मामले में, ग्रिड कनेक्टेड सौर ऊर्जा संयंत्रों के टैरिफ में 76 प्रतिशत की कमी आई है जो 2010–11 के टैरिफ 10.95 रुपये की तुलना में घटकर 2023–24 के दौरान 2.60 रुपये हो गया। प्रधानमंत्री ने आगे बढक़र नेतृत्व किया है और हमें नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में दिशा दिखाई है, जिससे अब देश को काफी लाभ मिल रहा है।

पिछले 10 वर्षों में, ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का विकास एवं त्रिम्नान्वयन मिशन मोड में किया गया है। देश में नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता 200 गीगावॉट का लगभग 55 प्रतिशत सौर ऊर्जा से आता है। लगभग 30 प्रतिशत का एक और बड़ा हिस्सा पवन ऊर्जा से आता है।

भारत ने सौर मॉड्यूल के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जैसे कार्यक्रम भी लागू किए हैं। घरेलू सेल उत्पादन के लिए प्रोत्साहन भारत में हरित विकास के लिए वरदान साबित हुआ है, जिससे इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही, ग्रीन हाइड्रोजन में ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन (साइट) कार्यक्रम के लिए रणनीतिक उपाय इलेक्ट्रोलाइजऱ के विनिर्माण और हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करते हैं।

भारत की हरित हाइड्रोजन की विकास गाथा प्रेरणादायक है। भारत ने कोविड से निपटने हेतु अपनी स्वयं की वैक्सीन का उत्पादन करके जो हासिल किया, ठीक उसी तरह भारत हरित हाइड्रोजन क्रांति का नेतृत्व कर रहा है। इसका उद्देश्य विश्व में उत्पादन और निर्यात का केंद्र बनना है। यहां भी पीएम मोदी द्वारा उठाए गए कदमों ने ही इस परिवर्तन को संभव बनाया!

दरअसल, जब देश में ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर को अपनाने की बात आती है तो प्रधानमंत्री भविष्य में ईवी वाहन चार्जिंग के लिए केवल नवीकरणीय स्त्रोतों का उपयोग करने का मार्ग प्रशस्त करने की बात करते हैं, ताकि जीवाश्म ईंधन ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग न करना पड़े। पीएम सूर्य घर योजना सौर छतों का उपयोग करने वाले नागरिकों के साथ उनके वाहनों को बिजली उपलब्ध कराने के जरिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

भारत जिस पैमाने और गति से नवीकरणीय यात्रा को आगे बढ़ा रहा है वह बेजोड़ है और यह प्रधानमंत्री मोदी के सीधे हस्तक्षेप का परिणाम है। अब, भारत इस क्षेत्र में सिर्फ अन्य देश भर नहीं है, बल्कि हम भी अग्रणी हैं! पिछले 10 साल में नवीकरणीय क्षेत्र में भारत की परिवर्तनकारी यात्रा ने हमें अग्रणी देशों में स्थान दिया है और हमें वैश्विक पहचान दिलाई है इसका असर अब महसूस किया जा रहा है और ब्रांड इंडिया बिल्कुल सही धूम मचा रहा है। इसने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को 16–18 सितंबर 2024 को गुजरात के गांधीनगर में री–इन्वेस्ट 2024 का आयोजन करने के लिए प्रेरित किया है। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। री–इन्वेस्ट 2024 का उद्देश्य इस क्षेत्र की सवोत्तम कार्यप्रणालियों से सीखने का आदान–प्रदान करना और 2030 तक स्थापित 500 गीगावॉट स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य हासिल करने के लिए नए गठबंधन बनाना है। इसमें जर्मनी, डेनमार्क, ऑस्ट्रेलिया, नॉर्वे और संयुक्त अरब अमीरात भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्य सरकारें, बैंक, वित्तीय संस्थान, निवेशक और निजी कंपनियां भी भाग लेंगी जो शपथ–पत्र के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए अपनी योजनाओं/लक्ष्यों को निर्दिष्ट करते हुए प्रतिबद्धताएं व्यक्त करेंगी।

सरकार नवीकरणीय ऊर्जा खरीद दायित्व और नवीकरणीय उत्पादन दायित्व के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। ये शासनादेश हरित विकास की दिशा में आगे बढऩे और दायित्वों के पालन की राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुकूल हैं जो व्यक्तिगत संस्थाओं के लिए ऊर्जा परिवर्तन के पथ पर आगे बढऩा संभव बनाता है।

भारत 2030 तक अपनी संचयी विद्युत स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर–जीवाश्म ईंधन–आधारित ऊर्जा संसाधनों से हासिल करना चाहता है। हर साल कम से कम 50 गीगावॉट क्षमता बोली लगाने की योजना है। सरकार ने सौर, पवन, सौर–पवन हाइब्रिड, आरटीसी आरई ऊर्जा, आदि की बोलियां आमंत्रित करने के लिए एसईसीआई, एनटीपीसी लिमिटेड, एनएचपीसी और एसजेवीएन को नवीकरणीय ऊर्जा कार्यान्वयन एजेंसियों (आरईआईए) के रूप में अधिसूचित किया है।

भारत में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में जबरदस्त बढ़त के बावजूद, अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कुछ मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत है। उदाहरण के लिए, प्रमुख परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण, विशेष रूप से विकासशील देशों में रणनीति बनाने की आवश्यकता है। विदेशी वित्तीय संस्थान और जलवायु कोष भारत के नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन को प्रमुख सहायता प्रदान कर रहे हैं। अनुमान के अनुसार भारत को 2030 तक 500 गीगावॉट के अपने नवीनकरणीय और गैर–जीवाश्म ऊर्जा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए करीब 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होगी।

# केजरीवाल की अग्नि परीक्षा?

**अजय दीक्षित**

चौदह वर्ष के वनवास के बाद रावण को मार कर और सीता को मुक्त करवा कर जब राम जी वापस अयोध्या आए तो उन्होंने कहा कि प्रजा को विश्वास दिलवाने के लिए उन्हें अपनी पवित्रता सिद्ध करने के लिए अग्नि परीक्षा देनी होगी ! यद्यपि यह नारी का अपमान है, ऐसा बहुत से राम भक्त भी मानते हैं । कोरोना काल में कहते हैं कि दिल्ली की सरकार ने एक नई आबकारी नीति बनाई जिसमें शराब कारोबारियों को ज्यादा कमीशन मिला । इस ज्यादा कमीशन का कुछ हिस्सा रिश्वत के तौर पर अरविन्द केजरीवाल और उसके साथियों को मिला, ऐसा आरोप ई.डी. लगा रही है । इसी सिलसिले में पहले मनीष सिसोदिया, फिर संजय सिंह फिर अरविन्द केजरीवाल कैद हुए । लम्बे समय बाद काफी कानूनी लड़ाई लडऩे के बाद इन्हें जमानत मिली । केजरीवाल की जमानत के साथ कई शर्तें हैं । केजरीवाल जब तक वे जेल में रहे उन्होंने त्यागपत्र नहीं दिया । परन्तु बाहर निकलने के बाद अचानक उन्होंने त्यागपत्र देने की घोषणा कर दी । 17 सितम्बर को आतिशी को अंतरिम मुख्यमंत्री के रूप में पेश किया गया । इसी दिन एल.जी. के सामने अरविन्द केजरीवाल ने त्यागपत्र दे दिया । आतिशी से मुख्यमंत्री के दावेदारों में कई नाम चर्चा में थे । परन्तु शायद आतिशी के मृद व्यवहार के कारण लगा कि वह महिला होने के नाते अफसरों से आसानी से काम करा सकेंगी । वैसे वे सबसे ज्यादा पढ़ी लिखी हैं । उन्होंने इंग्लैण्ड से एम.ए. किया है । सन् 2013 से वे आम आदमी पार्टी से जुड़ी हैं । परन्तु अरविन्द केजरीवाल ने एक और घोषणा की है कि वे चुनाव के दौरान जनता के पास जायेंगे और कहेंगे कि यदि वे बेईमान हैं तो उन्हें वोट न दें और यदि जनता समझती है कि वे ईमानदार हैं तो वोट दें । अब बड़ा घपला है । मान लें कि जनता अरविन्द केजरीवाल को फिर से चुन लेती है तो फिर कौन सी अदालत बड़ी है? जनता की? या कानून की?

असल में दिल्ली में असली पावर एल.जी. के पास रहती है । तो क्या केजरीवाल एक्साइज पॉलिसी की स्वीकृति एल.जी. से ली थी या नहीं? फिर यदि नहीं भी ली थी तो एल.जी. और केन्द्रीय गृह मंत्रालय क्या कर रहा था कि दिल्ली में यह घपला चलता रहा? दिल्ली पुलिस क्या कर रही थी? भाजपा जो आज इतनी आलोचना कर रही है, वह क्यों नहीं तभी सक्रिय हुई । फिर यह बात भी लीगल एक्सपर्ट बतलाएंगे कि यह मामला ई.डी. और सी.बी.आई. दोनों में कैसे चल रहा है । यदि गोवा के इलेक्शन में इतना पैसा लगा तो चुनाव आयोग क्या कर रहा था? तभी क्या गोवा की पुलिस या गोवा की इंटेलिजेंस को कुछ भी मालूम नहीं पड़ा । सबसे बड़ी बात यह है कि मनीष सिसोदिया, या संजय सिंह या अरविन्द केजरीवाल के पास से एक भी पैसा बरामद नहीं हुआ ? तो फिर पैसा कहां गया? असल में यदि अग्नि परीक्षा में केजरीवाल सफल हो जाते हैं और जनता उन्हें फिर से चुनती है तो क्या होगा? यह यक्ष प्रश्न है । देखें आगे क्या होता है?

# फिर पुराना दौर लौट आए, यह भी नहीं लगता

**श्रुति व्यास**

श्रीनगर में चुनाव का भूत सिर चढ़ कर बोल रहा है। चारों ओर राजनीति पर चर्चा है। शहर के रहवासी अपनी शिकायतों की फेहरिस्त सुनाने की बजाए कौनसा उम्मीदवार सबसे बेहतर है, इस बारे में बातचीत करने और कयास लगाने में अधिक मशगूल हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है। हर मिनट एक नई बात, एक नई अटकल सामने आ रही है। हवा भी गर्म है। इस बार सितंबर में घाटी आश्चर्यजनक और असामान्य रूप से गर्म है। लोग नतीजों का पूर्वानुमान लगा रहे हैं। उत्सुकता है और उत्तेजना भी। लोगों में चुनावों में भागीदारी का जज्बा है। चुनावी माहौल वैसा ही है जैसा कि आजकल होता है झ शोरगुल कम है और यह अनुमान लगाना मुश्किल कि किसके पक्ष में मूड़ है।

घाटी का कौना–कौना रंग–बिरंगा और खूबसूरत है। माहौल आकर्षक और लुभावना है। मिसाल के तौर पर डल झील पर 22 सितंबर की दोपहर नेशनल कान्फ्रेंस ने शिकारा रैली की। सामान्यतः डल झील और उसके आसपास बड़ी संख्या में पर्यटक जमा रहते हैं। लेकिन आज वहां चुनावी हलचल और उससे जुड़ा तामझाम नजर आ रहे थे। श्रीनगर में ऑटोरिक्शों पर झंडे और पोस्टर नहीं होते बल्कि डल झील में तैर रहे शिकारों पर लगे होते हैं।सुबह 11 बजे, डल झील के घाट नंबर 7 पर रैली में भाग लेने वाले और उसकी खबर देने वाले लोग जमा हो चुके हैं। लाल, सफेद और नीले रंग के शिकारों पर नेशनल कान्फ्रेंस का लाल झंडा लहरा रहा था और उन पर पार्टी के सदस्य, कार्यकर्ता, समर्थक और मीडियाकर्मी सवार होते हुए। साफ लगा आज शिकारों का सफर अलग ही होना है।उमर अब्दुल्ला, दिल्ली में नेशनल कान्फ्रेंस के तेजतर्रार चेहरे आगा सैयाद रूहुल्ला मेहंदी, अपने बचपन के मित्र शम्मी ओबेराय, अपने दोनों पुत्रों जमीर और जहीर, ज़ादिमल से पार्टी के उम्मीदवार तनवीर सादिक और अन्य लोगों के साथ 'हैवन इन लेक' (झील में जन्नत) नाम के शिकारे पर सवार हैं। आसमानी नीले रंग के इस शिकारे में वाकई उसके नाम के अनुरूप सारी सुख–सुविधाएं मौजूद हैं। लकड़ी की दो कुर्सियां और एक मेज है, जिस पर प्लास्टिक के फूल सजे हुए। एक पिकनिक बास्केट है जिसमें डेविडऑफ कॉफी और अन्य छोटी–मोटी चीज़ें रखी हैं। ऐसा लगता है कि उमर अब्दुल्ला जहां भी जाते हैं, कॉफी उनके साथ होती है। बताया जाता है कि इस पूरे चुनावी अभियान के दौरान उनका पहला काम होता है अपने लिए एक कप स्ट्रांग काफी तैयार करना। ब्लू टोकाई उनकी पहली पसंद है। उसकी महक और स्वाद का आनंद लेकर ही वे अपना चुनाव अभियान शुरू करते हैं। हो सकता है यह उनका अंधविश्वास हो, इसे वे भाग्यशाली मानते हों या यह दिखावा हो। बहरहाल जो भी हो, उमर अब्दुला ने अपनी शिकारा रैली की शुरूआत भी गर्म कॉफी के एक कप के साथ की। इसके बाद उन्होंने शिकारे की यात्रा का आनंद लिया। वे शिकारे के आगे की ओर आए, उन्होंने नेशनल कान्फ्रेंस का झंडा लहराया, मीडिया कर्मियों को तस्वीरें खींचने का मौका दिया, वे हंसे, उन्होंने बातचीत की और हल्की–फुल्की चर्चा की। उन्होंने यात्रा का मज़ा लिया तो मीडिया ने भी। उनके शिकारे के पीछे अन्य शिकारे थे जिन पर एनसी के झंडे लहरा रहे थे और संगीत बज रहा था। घाट 7 से चार चिनार तक शिकारे डल झील के मटमैले और गहरे पानी में गए।आसमान में सूर्य चमक रहा था और रास्ते में कई हाउसबोट, काफी शेक और आईस्क्रीम की छोटी–छोटी दुकानें थी। मेरा शिकारा, जिसमें मीडियाकर्मी स्त्री–पुरूष थे, जैसे ही 'हैवन इन लेक' की सीध में आया, मैंने आगा सैयद रूहुल्ला मेहदी से सवाल किया कि चुनाव जीतकर सत्ता में आने पर शुरूआती 100 दिनों में एनसी की सवोच्च प्राथमिकता क्या होगी? जवाब था "जम्मू और कश्मीर विधानसभा केन्द्र सरकार के अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित करेगी". इस बीच मीडियाकर्मी उमर अब्दुल्ला को डल झील में कूदकर तैरने के लिए प्रेरित कर रहे थे जैसा उनके पिता डॉ. फारूख अब्दुल्ला ने 2001 में किया था। पर हालात बदल गए हैं, न डल पहले जैसी साफ है और न कश्मीर अब पहले जैसा स्वच्छ है, उसकी कालजयी खूबसूरती में बढ़ती व्यापारिक गतिविधियों के चलते गिरावट है। लेकिन राजनेता पहले जैसे ही हैं।

# जूनियर एनटीआर की देवरा ने प्री—सेल में किया 50 करोड़ रु का आंकड़ा पार

साउथ सुपरस्टार की एक्शन ड्रामा देवरा पार्ट 1 दो दिनों बाद सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. रिलीज से पहले फिल्म ने सिनेमाघरों के टिकट काउंटरों पर धमाल मचा दी है. जी हां, देवरा की धमाकेदार शुरुआत बॉक्स ऑफिस पर हुई है. फिल्म ने दुनिया भर में प्री–सेल में 50 करोड़ रुपये की टिकटें बेची हैं. फिल्म की एडवांस बुकिंग ने उम्मीद जगा दी है कि वह पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर पाएगी.इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिलक के मुताबिक, देवरा ने 25 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक लगभग 7,70,464 लाख टिकटों के साथ भारत में अपनी एडवांस बुकिंग के मामले में 19 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. फिल्म के तेलुगु वर्जन ने भारत में फिल्म की प्री–सेल में सबसे ज्यादा योगदान दिया, उसके बाद इसके हिंदी वर्जन का नाम आता है. तेलुगु में जहां 7,47,037 टिकटें बिकी हैं, वहीं हिंदी में 20,183 टिकटे बिक चुकी हैं. तमिल में 23 हजार से ज्यादा टिकट बिकी हैं. कन्नड़ और मलयालम में क्रमशः 153030 और 10485 टिकट बिके हैं.देवरा ने मंगलवार तक जहां भारत में फिल्म की प्री–सेल्स 28 करोड़ रुपये रही, वहीं दुनियाभर में फिल्म की एडवांस बुकिंग की सेल्स 50 करोड़ रुपये रही. भारत और दुनिया भर में फिल्म की प्री–सेल्स को देखते हुए देवरा दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ी सोलो ओपनर बनकर उभर सकती है. उम्मीद है कि दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर देवरा 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू सकती है. देवराः पार्ट 1 में जूनियर एनटीआर के अलावा बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर, सैफ अली खान अहम भूमिका में हैं. सैफ अली खान विलेन के किरदार में नजर आएंगे. प्रकाश राज, श्रीकांत, मुरली शर्मा और श्रुति मराठे भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं. यह फिल्म 27 सितंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है.

## वेस्टइंडीज के श्रीलंका दौरे का शेड्यूल जारी, खेले जाएंगे 3 टी20 और तीन वनडे

नई दिल्ली। अगले महीने वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम श्रीलंका का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 3 टी20 और इतने ही वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को वनडे और टी20 सीरीज का शेड्यूल जारी किया। टी20 सीरीज का आगाज 13 अक्टूबर से होगा, वहीं वनडे सीरीज 20 अक्टूबर से शुरू होगी। टी20 सीरीज के सभी मुकाबले दांबुला में और वनडे सीरीज कैंडी में खेली जाएगी।

**वनडे और टी20 सीरीज का शेड्यूल**

टी20 सीरीज का पहला मुकाबला 13 अक्टूबर को खेला जाएगा। सीरीज का दूसरा टी20 15 अक्टूबर को और आखिरी मैच 17 अक्टूबर को होगा।

# कानपुर टेस्ट में लोगों को याद आया 'गुटखा मैन'

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जा रहा है। मुकाबला कानपुर में खेला जा रहा है ऐसे में फैंस को 'गुटखा मैन' की याद आ गई। कानपुर में करीब 3 साल पहले आखिरी टेस्ट मैच खेला गया था। इस मैच के दौरान 'गुटखा मैन' की तस्वीरें और वीडियो सामने आई थीं। भारत–बांग्लादेश टेस्ट के दौरान भी 'गुटखा मैन' चर्चा में है। उसकी तस्वीरें एक बार फिर सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं।

कैमरे में कैद हुए थे शोभित

दरअसल, भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 साल पहले कानपुर में टेस्ट मैच खेला गया था। इस मैच के दौरान शोभित पांडे नाम का शख्स कैमरामैन की नजर में आया था। शोभित कुछ चबाते हुए फोन पर बात कर रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने उन्हें 'गुटखा मैन' का नाम दिया था। बाद में शोभित मीडिया के सामने आए थे।

शोभित ने दी थी सफाई

शोभित ने बताया था कि वह अपनी बहन के साथ मैच देखने गए थे। उन्होंने स्पष्ट किया था कि वह मैच के दौरान मीठी सुपारी खा रहे थे। स्टेडियम में चेकिंग के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने उनका गुटखा छीन लिया था। उन्होंने मीडिया से यह भी कहा था कि वह अब कभी भी पान मसाला नहीं खाएंगे।

# सिकंदर से आए भाईजान के लुक ने मचा दी इंटरनेट पर तबाही

सलमान खान ईद 2025 के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर कमाई की सुनामी लाने की तैयारी कर रहे हैं. सलमान खान ईद 2025 पर बॉक्स ऑफिस पर सिकंदर से धमाका करेंगे. सलमान खान का फिल्म सिकंदर से एक और पोस्टर जारी हुआ है. इस पोस्टर को सलमान खान का सिकंदर से आया फर्स्ट लुक मान रहे हैं. सलमान खान का फिल्म सिकंदर से आया ये पोस्टर अब सोशल मीडिया पर तबाही मचा रहा है. सलमान खान के फैंस भाईजान का सिकंदर लुक देख हक्के–बक्के रह गए हैं. सलमान खान के फैंस और बॉलीवुड सेलेब्स अब जमकर भाईजान के लुक की तारीफ कर रहे हैं.सलमान खान ने बीती रात सिकंदर से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया है. सलमान खान ने अपनी यह तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है. इसके अलावा सलमान खान का यह लुक अब उनके फैंस के बीच छा गया है. सलमान खान सिकंदर के सेट से आई इस तस्वीर में जिम करते दिख दिख रहे हैं सलमान खान का बियर्ड लुक देखने को मिल रहा है. और सबसे अहम भाईजान के फैंस की नजर सलमान खान के डोलों पर सबसे ज्यादा दिख रही है.

## आखिरकार आ ही गया कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 का पहला लुक

कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया–3 का पोस्टर रिलीज हो गया है। इसी साल दीवाली पर रिलीज हो रही ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है।

कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम पर इसका पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को पोस्ट करते हुए कार्तिक आर्यन ने लिखा, दरवाजा खुलेगा... इस दिवाली। डायरेक्टर अनीस बज्मी की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हंगामा काटने के लिए एक बार फिर तैयार है। इससे पहले इस फिल्म के 2 पार्ट सुपरहिट रहे हैं. भूल भुलैया के पहले पार्ट में अक्षय कुमार ने लीड रोल निभाया था।

# दूसरे टेस्ट के पहले दिन ही अश्विन ने रचा इतिहास, तोड़ा अनिल कुंबले का बड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर में खेले जा रहे पहले टेस्ट के पहले दिन लंच के बाद रविचंद्रन अश्विन ने भारत को तीसरी सफलता दिलाई। पहले दिन लंच तक बांग्लादेश का स्कोर 2 विकेट के नुकसान पर 74 रन था। बारिश के कारण दूसरा सोशन 15 मिनट देरी से शुरू हुआ। सेशन की शुरुआत में ही अश्विन ने कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को अपना शिकार बनाया। इसके साथ ही अश्विन ने अनिल कुंबले का बडा रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह अब एशिया में टेस्ट में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

**एशिया में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय**

इतना ही नहीं वह एशिया में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय भी बन गए हैं।

अश्विन ने एशिया में टेस्ट में अब तक 420 विकेट चटकाए हैं। दूसरी ओर अनिल कुंबले ने एशिया में टेस्ट में 419 विकेट अपने नाम किए थे।

एशिया में टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन हैं।

श्रीलंकाई दिग्गज ने 612 सफलताएं प्राप्त की थीं।

लिस्ट में चौथे पर रंगना हेराथ और 5वें पर हरभजन सिंह हैं।

**एशिया में सर्वाधिक टेस्ट विकेट**

मुथैया मुरलीधरन– 612 विकेट
आर अश्विन– 420* विकेट
अनिल कुंबले– 419 विकेट
रंगना हेराथ– 354 विकेट
हरभजन सिंह– 300 विकेट

## एक नजर

### पोषण रैली आज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : दुगड्डा ब्लाक के आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण गतिविधियों के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत विशाल पोषण रैली 28 सितंबर को निकाली जाएगी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता काशीरामपुर मल्ला बसंती रावत व शिवाली ने बताया कि छह वर्ष के बच्चों, गर्भवती, छात्री एवं किशोरी बालिकाओं के संपूर्ण विकास के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि रैली संचालन को सुपरवाइजर की जिम्मेदारी संतोषी गुसाईं, लक्ष्मी, सुनीता देवी को दी गई है। रैली झंडाचौक से तहसील परिसर तक निकाली जाएगी।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जीआईसी कुंभीचौड़ रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कुछ दिन पूर्व वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से आयोजित की गई सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम घोषित हो गया है। प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कालेज कुंभीचौड़ का छात्र ईश्वर रावत व आश मोहम्मद प्रथम स्थान पर रहा।

संगठन के अध्यक्ष पीएल खंतवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में क्षेत्र के 11 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार के सभागार में हुई। प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कालेज कुंभीचौड़ के छात्र ईश्वर रावत व आश मोहम्मद ने प्रथम, राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार की राखी व सूरज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रनर अप विजेता में राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार रहा। अव्वल विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावत, पूर्व शिक्षा अधिकारी सुदर्शन बिष्ट ने सम्मानित किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। कहा कि विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य तय कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर राजेंद्र सिंह बिष्ट, आरपी पंत, प्रवेश नवानी, विनोद नेगी, शशि मोहन, जनार्दन ध्यानी, जयभारत असवाल आदि मौजूद रहे।

### आर्थिक तंगी से जूझ रहे शिक्षक-कर्मचारी परेशान

रुद्रप्रयाग : विकासखंड जखोली के सिद्ध श्रम विद्या भवन जूनियर हाईस्कूल सिद्धसौड़ एवं पब्लिक जूनियर हाईस्कूल घेंघड़खाल के शिक्षक कर्मचारियों को विगत सात माह से वेतन भुगतान नहीं होने पर आर्थिक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। शिक्षक कर्मचारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा रुद्रप्रयाग से शीघ्र वेतन भुगतान न होने की स्थिति में जिलाधिकारी कार्यालय के सम्मुख आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह रौथाण व जूनियर हाईस्कूल घेंघड़खाल के प्रधानाध्यापक भूप सिंह बर्तवाल ने डीईओ बेसिक को दिये ज्ञापन में कहा है कि जीपीएफ कटौती न होने की स्थिति में मार्च माह से उनका वेतन रोक दिया गया है। ऐसी स्थिति में यहां कार्यरत शिक्षक कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि इस सम्बन्ध में उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई, किन्तु मामला जस का तस ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। अब उन्होंने मार्च से अगस्त माह तक के वेतन बिल डीईओ बेसिक के कार्यालय में भुगतान हेतु जमा कर दिए हैं, शुक्रवार तक अवशेष वेतन का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने कहा है कि अब इसके बाद वे प्रजातांत्रिक तरीके से जिलाधिकारी कार्यालय के सम्मुख आमरण अनशन शुरू करने को मजबूर होंगे,जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन व विभाग की होगी। (एजेंसी)

### साइंस सेंटर बनाने की कवायद शुरू

नई टिहरी : यूकॉस्ट (उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद) की पहल पर नई टिहरी के पास बागी गांव में साइंस सेंटर की स्वीकृति मिल गई है। विज्ञान, अनुसंधान और तकनीकी के क्षेत्र में यह छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों के लिए बहुउपयोगी साबित होगा। करीब 3 से 4 साल के बीच में साइंस सेंटर बनकर तैयार हो जाएगा। जो टिहरी को शिक्षा का हब बनाने में मददगार भी होगा।

डीएम मयूर दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि देहरादून, अल्मोड़ा के बाद टिहरी और चंपावत जिले में यूकॉस्ट ने साइंस सेंटर बनाने की कवायद शुरू हुई है। नई टिहरी और भागीरथीपुरम के बीच स्थित बागी गांव में 1.2 हेक्टेयर सरकारी भूमि का साइंस सेंटर के लिए चयन कर लिया है। भूमि को यूकॉस्ट के नाम हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डीएम का कहना है कि विज्ञान व प्रौद्योगिकी के साथ यह सेंटर नई टिहरी के पर्यटन का भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। वहीं विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि बागी में बनने वाले साइंस सेंटर के पास ही इंजिया में मेडिकल कॉलेज के लिए जगह चयनित की गई है।

# निजी वाहन में ढो रहे थे सवारी, एआरटीओ से भी निर्धारित किया किराया

### एप के माध्यम से सवारी ले जा रहे निजी वाहनों पर सख्ती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ब्ला-ब्ला एप के माध्यम से सवारी ले जाने वाले निजी वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को एआरटीओ शशि दूबे ने सवारी बनकर ब्ला-ब्ला एप से सीट बुक की। बकायदा, निजी कार चालक ने एआरटीओ से किराया भी निर्धारित कर लिया था।

कोटद्वार में पिछले लंबे समय से प्राईवेट कार द्वारा सवारी ले जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। इस संबंध में कुछ दिन पूर्व ही सार्वजनिक वाहन स्वामियों ने विभाग को पत्र भी दिया था। शिकायत पर शुक्रवार को परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल की सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी स्वयं लाल बत्ती चौक पर चेकिंग के लिए पहुंची। इस दौरान एक ब्ला-ब्ला पर चलने वाली प्राइवेट कार में बैठ गई। कार चालक ने एआरटीओ को नहीं पहचाना और उनसे चालक तीन सौ रुपये प्रति सवारी किराया मांग बैठा। कार चालक के खिलाफ परिवहन विभाग की ओर से चालानी कार्रवाई की गई है। एआटीओ शशि दूबे ने बताया कि टैक्सी चालकों की लगातार शिकायत आ रही थी कि प्राईवेट नंबर की कार ब्ला-ब्ला एप के जरिये सवारियां ढो रही है। इसी के तहत कार्रवाई की जा रही है। बताया कि कार चालक से अब तक का टैक्स वसूला जाएगा। जिससे वह भविष्य में इस तरह की हरकत दोबारा न करें।

कार चालक का चालान करती अधिकारी

### दीपक चंद्र केष्टवाल को मिली प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** राजकीय इंटर कालेज पोखरी अजमीर में बाल संसद का गठन किया गया। इस दौरान छात्र दीपक चंद्र केष्टवाल को प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी दी गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। शुक्रवार को आयोजित कार्यशाला में प्रधानाचार्य मनवर लाल भारती ने बताया कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा से जोड़ने के लिए समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बाल संसद में महासचिव शिवम नेगी, सचिव शिवम केष्टवाल, प्रधानमंत्री दीपक चंद्र केष्टवाल को बनाया गया। पक्ष में शीतल को शिक्षा मंत्री, साक्षी को महिला एवं बाल विकास मंत्री, सुचिता को रक्षा मंत्री, नीति बिष्ट को रेल मंत्री बनाया गया। बाल कलाकारों की भूमिका अदिति, श्वेता, सृष्टि वैशाली, सिमरन, सुनाक्षी ने निभाई। सदन में महिला आरक्षण का बिल सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस मौके पर राजकुमारी आर्य, ऊषा नौटियाल, हिमानी जुयाल, अशोक कुमार, विक्रम लाल शाह, नितेश सिंह, अंकित यादव, पूरण सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिविर में आमजन को दिलवाया सरकारी योजनाओं का लाभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय हल्दुखाता में समाज कल्याण विभाग व जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की ओर से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आमजन का स्वास्थ्य कार्ड आभा कार्ड व दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये गये।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य कृषि अधिकारी बीके यादव ने किया। उन्होंने कहा कि आमजन को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए समय-समय पर इस तरह के शिविर आयोजित किए जाते हैं। सहायक समाज कल्याण अधिकारी संजीव पाल ने समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी दी। नोडल अधिकारी धर्मेंद्र सिंह पंवार ने कहा कि हमें इन योजनाओं को अधिक से अधिक जनों तक पहुंचाना चाहिए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 16 स्वास्थ्य कार्ड, 70 आभा आईडी कार्ड, एक दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया। 11 काश्तकारों ने किसान सम्मान निधि व किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया। जल संस्थान की ओर से तीन नए पेयजल कनेक्शन भी दिए गए। शिविर में 155 लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए पंजीकरण करवाया। इस मौके पर नायब तहसीलदार सरदार सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# राइंका जामलाखाल की टीम करेगी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग

**जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी :** कोट की ब्लाक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज खोलाचौरी में किया गया। जिसमें अटल उत्कृष्ट राइंका जामलाखाल की टीम में शामिल अभिनव शर्मा, शुभम रावत और प्रियांशु कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तर पर होने वाली क्विज प्रतियोगिता में जगह बनाई। जबकि राइंका खोलाचौरी की टीम में शामिल अमन रैमानी, पूनम व अक्षित रैमानी ने दूसरा और राइंका सबधारखाल की टीम में शामिल सपना, सृष्टि व अनुष्का ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्य क्विज प्रतियोगिता से पूर्व नौ टीमों की स्क्रीनिंग परीक्षा के बाद मुख्य क्विज के लिए 6 टीम राइंका खोलाचौरी, राइंका कोट, राइंका जामलाखाल, राइंका सबधारखाल, राइंका कमलपुर और राइंका देवप्रयाग का चयन किया गया। मुख्य क्विज में राइंका बहेड़ाखाल, राइंका मसाणगांव और राइंका पलोटा की टीम अपना स्थान नहीं बना पाए। प्रतियोगिता के ब्लॉक समंवयक वीरेंद्र खंकरियाल ने कहा कि क्विज प्रतियोगिता 6 चरणों में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश आर्य ने क्विज प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन छात्र-छात्राओं में बौद्धिक क्षमता और प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाती है। इस मौके पर स्क्रीनिंग परीक्षा प्रभारी चंद्र प्रकाश, मुख्य निर्णायक राकेश ध्यानी, अंकनकर्ता स्कोरर रंजन रावत, वंदना ध्यानी, कैलाश पंवार, रश्मि सेमवाल, एसपी अवस्थी, जितेंद्र राणा, वंदना शाह, विपिन कुमार, प्रशांत पुरी आदि शामिल रहे।

### गढ़वाल पूर्व सैनिक लीग ने सुनी समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पूर्व सैनिक व सैनिक परिवारों की समस्याओं के निराकरण को गढ़वाल पूर्व सैनिक लीग की ओर से जहरीखाल के ग्राम किमार व पुंडेरगांव में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण का आश्वासन दिया गया।

आयोजित बैठक की अध्यक्षता गौरव सैनिक व पूर्व प्रधान प्रेम सिंह रावत ने की। पूर्व सैनिक लीग के पदाधिकारी राम सिंह रावत, सचिव राजाराम मैंदोला, सुनील रावत ने ग्रामीणों की पेंशन सहित अन्य समस्याओं को सुनते हुए उनके निराकरण का आश्वासन दिया।

कहा कि पूर्व सैनिक व सैनिक परिवारों के लिए सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। अधिक से अधिक परिवारों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

# पीड़ित परिवार को मिले बेहतर योजनाओं का लाभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शैलशिल्पी विकास संगठन ने द्वारीखाल के ठांगर गांव में गुलदार के हमले में घायल हुए बच्चों के परिवार को बेहतर योजनाओं का लाभ दिलवाने की मांग की है। कहा कि जिस भवन में परिवार दशकों से रह रहा है। उसकी भूमि भी सरकारी अभिलेखों में परिवार के नाम दर्ज नहीं है।

समस्याओं के संबंध में संगठन के अध्यक्ष विकास आर्य ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि 21 सितंबर को ग्राम ठांगर में गुलदार ने सात वर्षीय बालक कार्तिक पर हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल कर्तिक को एम्स अस्पताल ऋषिकेश रेफर किया गया है।

बताया कि तीन दिन पूर्व संगठन ने ग्राम ठांगर पहुंचकर परिवार की आर्थिक मदद की थी। गांव पहुंचने पर संगठन को पता चला कि परिवार दयनीय स्थिति में दिन काट रहा है। बताया कि परिवार दशकों से जिस भूमि पर कब्जे-काश्त निवास कर रहा है, वो भूमि राजस्व अभिलेखों में उनके नाम की जानी चाहिए। जिससे परिवार को किसान सम्मान निधि, आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का बेहतर लाभ मिल सकें। बताया कि कार्तिक की मां करीना देवी अनुसूचित जाति की इंटर पास महिला है, जिसे गांव में ही आंगनबाड़ी केंद्र, भोजन माता या अन्य तरह से मानदेय पर आधारित नौकरी दी जा सकती है। संगठन ने परिवार के लिए घर के समीप विद्युत पोल लगाने व भवन मरम्मत के लिए आर्थिक सहायता देने की भी मांग उठाई। इस मौके पर विजेंद्र रिंगोडी, सतीश प्रकाश, धर्मप्रकाश, अनिल अमोला, सुनील रिंगोड़ी, राजेंद्र सिंह नेगी, सैन सिंह, संदीप कुमार, मनमोहन आदि मौजूद रहे।

द्वारीखाल के ठांगर गांव में पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता का चेक देते सदस्य

# हिमोग्लोविन जांच कर एनीमिया के बारे में दी जानकारी

विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज दिउला पौखाल के विद्यार्थियों की हिमोग्लोविन जांच कर उन्हें एनीमिया से बचाव की जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों को डेंगू से बचाव के प्रति भी जागरूक किया गया।

शुक्रवार को आयोजित शिविर में चिकित्सक अजय रयाल ने विद्यार्थियों के हिमोग्लोविन की जांच की। बच्चों को एनीमिया के बारे में बताया। कहा कि विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों को फास्टफूड का सेवन न करने की भी सीख दी। कहा कि इससे पेट संबंधी कई बीमारियां पनपने लगती हैं। शिविर में विद्यार्थियों को डेंगू से बचाव के तरीके भी बताए गए। चिकित्सकों ने बताया कि हमें अपने विद्यालय व घर के आसपास कहीं भी पानी जमा नहीं होने देना है। घर व स्कूल में रखे गमलों में विशेष ध्यान दें। इस मौके पर डा. योगिता कोठियाल सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षक मौजूद रहे।

### नवजात बच्ची को डॉक्टरों ने दिया नया जीवनदान

श्रीनगर गढ़वाल : बेस चिकित्सालय के बाल रोग विभाग के डॉक्टरों ने पौड़ी जिला अस्पताल से रेफर होकर आई एक नवजात बच्ची को नया जीवनदान दिया है।

11 दिनों तक चले नवजात बच्ची के इलाज के दौरान डॉक्टरों की टीम और नर्सिंग स्टाफ की बेहतर देखभाल के बाद शुक्रवार को माता-पिता अपने घर की खुशी को हंसते-मुस्कराते अस्पताल से डिस्चार्ज करते हुए घर ले गए। बाल रोग विशेषज्ञ एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सीएम शर्मा ने बताया कि बच्ची का हार्ट रेट 300 से अधिक आ रहा था और बीपी भी कट्रोल नहीं था और गम्भीर निमोनिया से बच्ची की छाती काफी प्रभावित थी। ऐसी स्थिति को देखते हुए बच्ची को वेंटीलेटर पर रखा गया था। डॉक्टरों के बेहतर देखभाल से ही यह सम्भव हो पाया है कि बच्ची स्वस्थ होकर घर जा रही है।

# छात्रसंघ चुनाव की गतिविधियां तेज, एबीवीपी ने निकाली रैली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गढ़वाल केंद्रीय विवि के बीजीआर पौड़ी परिसर में एक अक्तूबर को होने वाले छात्रसंघ चुनाव को लेकर बीजीआर कैंपस पौड़ी में चुनाव की गतिविधियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को एबीवीपी के प्रत्याशियों ने रैली निकालकर छात्रों को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं मुख्य चुनाव अधिकारी ने परिसर में रैली की अनुमति नहीं होने का हवाला देते हुए रैली को परिसर में आने से रोक लिया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शुक्रवार को कंडोलिया थीम पार्क में सभा कर चुनावी प्रचार को धार दी। उन्होंने परिषद के प्रत्याशियों को अधिक से अधिक मतदान की अपील की। परिषद के पदाधिकारियों के साथ प्रत्याशियों ने ढोल नगाडों के साथ कंडोलिया से विवि परिसर तक रैली निकाली, रैली को विवि परिसर के मुख्य गेट पर ही रोक लिया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. पीयूष सिन्हा ने बताया कि इस संबंध में छात्रसंघ नेताओं द्वारा पूर्व सूचना नहीं दी गई। लिहाजा यह आचार संहिता का उल्लंघन है। जिसके चलते रैली को परिसर के मुख्य गेट से ही वापस लौटना पड़ा। इस मौके पर एबीवीपी की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी अभिरुची नौटियाल, उपाध्यक्ष प्रत्याशी प्रेमचंद्र गुर्जर व यूआर प्रत्याशी अभिषेक जुगरान, मयूर भट्ट, पंकज धामी, आशुतोष चौबे, स्वप्निल धस्माना, अनुज किमोठी आदि शामिल रहे।

### देवप्रयाग के गांवों में बिजली कटौती से लोगों को हो रही दिक्कतें

नई टिहरी : 33 केवी लाइन में फॉल्ट आने से देवप्रयाग क्षेत्र में 12 से 36 घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही। ऊर्जा निगम कर्मियों की दो टीमों को घने जंगल में फॉल्ट ढूंढने के लिए चार किमी. तक पैदल चलना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद ऊर्जा निगम के कर्मचारियों ने पाली गांव में फॉल्ट ढूंढकर उसे ठीक किया। श्रीनगर से देवप्रयाग विद्युत वितरण उपखण्ड क्षेत्र की आपूर्ति करने वाली 33 केवी लाइन में बुधवार तड़के अचानक फाल्ट आ गया। जिसके चलते टिहरी पौड़ी जिले के दो गावों सहित नगर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ गई। बिजली आपूर्ति बंद होने से गुलदार की दहशत में जी रहे क्षेत्रवासियों में काफी भय बन गया। एसडीओ प्रियंका नेगी के अनुसार 33 केवी लाइन में बारिश से कई जगह फॉल्ट आ गया। वहीं सब स्टेशन बागी की मशीनों में खराबी आ गई। ऊर्जा निगम की दो टीमों को 33 केवी लाइन का फॉल्ट ढूंढने के लिए लगाया गया। काफी मशक्कत के बाद राजमार्ग से चार किमी. दूर पाली गांव के ऊपर घने जंगल में फॉल्ट मिल पाया। फॉल्ट दूर किये जाने के बाद देवप्रयाग नगर में 12 घंटे और निकटवर्ती गांवों में 16 घंटे बाद बिजली की आपूर्ति शुरू हो पाई।

### 16 नामांकन पत्र निकले सही

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : श्री सिद्धपीठ सुखरौ देवी मंदिर समिति की कार्यकारणी के चुनाव की प्रक्रिया जारी है।

शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी हुई। जांच में 16 नामांकन पत्र सही पाए गए। जबकि, संजीव थलेड़ी ग्राम बालासौड़ ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया। संरक्षक सदस्यों, आजीवन सदस्यों व सामान्य सदस्यों में अब पांच-पांच नामांकन पत्र शेष रह गए हैं। 29 सितंबर को प्रबंधक कार्यकारिणी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष व आडिटर पद पर चुनाव होगा।

जानकारी चुनाव समिति के मायाराम पुरोहित ने दी।

# अग्रवाल 25वीं बार बनें अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नजीबाबाद चौराहे के समीप स्थित राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में अभिभावक शिक्षक संघ की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान महेंद्र कुमार अग्रवाल को 25वीं बार अभिभावक शिक्षक संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भी चर्चा की गई।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में विगत वर्ष का आय-व्यय का ब्योरा भी रखा गया। इसके उपरांत सर्वसम्मति से अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावत, सचिव डा. पदेश बुड़ाकोटी को चुना गया। दिनेश कौशिक, अनूप नेगी, सरिता देवी, मुकेश रावत, नैनपाल, मनमोहन सिंह चौहान को सदस्य पद की जिम्मेदारी दी गई। सादर सिंह रावत को कार्यकारिणी में आमंत्रित सदस्य चुना गया।

बैठक में विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि अभिभावक शिक्षक संघ का उद्देश्य उच्चस्तरीय शैक्षिक वातावरण तैयार करना है। अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि अभिभावकों को शिक्षा व्यवस्था के साथ ही विद्यालय में बनने वाले मिड-डे मिल की भी गुणवत्ता की जांच समय-समय पर करनी चाहिए। इस मौके पर नागेंद्र चौहान, अनूप नेगी, सीता खुगशाल आदि मौजूद रहे।

अभिभावक शिक्षक संघ ने नव नियुक्त पदाधिकारी

### स्वास्थ्य सेवाएं दुरस्त करने की उठाई मांग

नई टिहरी : शुक्रवार को सीएचसी चौंड लंबगांव के निरीक्षण को पहुंचे सीएमओ डॉ. श्याम विजय को स्थानीय व्यापारियों ने सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने को लेकर ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल अध्यक्ष युद्धवीर राणा ने कहा कि, सीएचसी चौड़ में एक्स-रे के संचालन के लिए टेक्नीशियन की नियुक्ति न होने से लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बताया कि लंबगांव बाजार से सीएचसी चौंड की दूरी 2 किमी. है, इसलिए अधिकांश लोग निकट स्थित पीएचसी केंद्र लंबगांव में ही उपचार को जाते हैं, लेकिन पीएचसी केंद्र में तैनात फार्मासिस्ट की 2 माह पूर्व पदोन्नति होने के चलते यह पद रिक्त चल रहा है,

# 80 वर्षीय बुजुर्ग दौड़ेगा नयारघाटी सद्भावना हाफ मैराथन में

### सतपुली में 2 अक्टूबर को आयोजित होगी नयारघाटी सद्भावना हाफ मैराथन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : नगर पंचायत सतपुली में आगामी 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली नयारघाटी सद्भावना हाफ मैराथन को लेकर नयार घाटी क्षेत्र के अंडर 14 वर्ष में बच्चों सहित महिलाओं में जोश देखने को मिल रहा है। वहीं पुरुष वर्ग में भी जबरदस्त जोश बना हुआ है। मैराथन में प्रतिभाग करने के लिए 80 वर्षीय बुजुर्ग ने फार्म भरा है।

बता दें कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के हुल्यार टीम और व्यापार मंडल सतपुली द्वारा संयुक्त रूप से नयारघाटी सद्भावना हाफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। महिला, पुरुष और अंडर 14 बालिका और बालक वर्ग में मैराथन आयोजित की जाएगी। आयोजन समिति के सदस्य मनीष खुगशाल स्वतंत्र ने बताया कि अभी तक मैराथन में अंडर 14 बालिका वर्ग में 35, बालक वर्ग में 120, महिला वर्ग में 35 और पुरुष वर्ग में 80 सहित 270 फार्म भरे गये है। कहा कि अभी कई स्कूलों के फार्म आने हैं। उन्होंने बताया कि इस मैराथन को लेकर 80 वर्षीय बुजुर्ग रणवीर सिंह रावत पूर्व प्रधानाचार्य और अर्जुन सिंह 60 वर्ष भी दौड़ में भाग ले रहे हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष जयदीप नेगी ने बताया कि व्यापार मंडल द्वारा लगातार नयार घाटी क्षेत्र के युवाओं, बच्चों तथा महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए साल में होली मिलन, भारतीय नववर्ष, मैराथन, व्यापारियों के उत्थान और समस्याओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम किये जाते रहे हैं।

### टंकी से उतरे बेरोजगार, प्रमुख सचिव से की मुलाकात

देहरादून। अपनी मांगों को लेकर परेड ग्राउंड स्थित पानी की टंकी पर चढ़े उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश सिंह और कुमाऊं मंडल संयोजक भूपेंद्र कोरंगा 20 घंटे बाद शुक्रवार दोपहर नीच उतर आए। इसके बाद प्रशासन ने उन्हें सचिवालय ले जाकर प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री आरके सुधांशु से मिलवाया। उन्होंने सभी मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।


## सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के समायारा आहूजा के जन्म प्रमाण पत्र में उसके पिताजी का नाम भूलवश गगन आहूजा दर्ज हो गया है, जबकि मेरी पुत्री के पिताजी का सही व सत्य नाम स्व0 गौतम आहूजा है।
अतः मेरी पुत्री समायारा आहूजा के जन्म प्रमाण पत्र में उसके पिताजी का सही व सत्य नाम स्व0 गौतम आहूजा दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

**कृति आहूजा पत्नी स्व0 गौतम आहूजा निवासी गोविन्द नगर, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(0467/11)

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र प्रज्जवल ने हाईस्कूल की परीक्षा संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में इंटरमीडिएट कॉलेज मोटाढांक, पौड़ी गढ़वालन, उत्तराखण्ड से सन् 2023 अनुक्रमांक 23058282 से उत्तीर्ण की। जिसका प्रमाण पत्र-सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। जो काफी खोजबीन के बावजूद भी नहीं मिल रहे है।

**कल्पना देवी पत्नी परमानन्द निवासी ग्राम हल्दूखाता तल्ला, पोस्ट कलालघाटी, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(0465/21)

## अदालती सूचना

**न्यायालय असि0 कलेक्टर प्रथम श्रेणी, कोटद्वार गढ़वाल।**
**बंटवारा वाद संख्या 14 सन् 2024**
मोनिका -बनाम- सोनिका आदि
**समन् बनाम**
सुनिता पत्नी सन्दीप सिंह,दीपक प्रसाद पुत्र सत्य प्रसाद, महेन्द्र पुत्र लालचन्द, पंकज कुमार पुत्र गिरीशचन्द्र, योजना पत्नी हरीश हरीश पुत्र पिताम्बर दत्त, कुलदीप सिंह पुत्र श्याम सिंह, मयंक गौड पुत्र सुरेश चन्द्र, अंजू रानी पत्नी मानवेन्द्र कुमार,शिवानी पत्नी गौतम, सचिन पुत्र रामकुमार, अंजू पत्नी अजय, बंसल पुत्री कुलदीप कुमार, मंगल सिंह पुत्र बुद्दिव सिंह, शान्ति देवी पत्नी केशव कुमार, समस्त निवासीगण ग्राम मानपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल उत्तराखण्ड

हरगाह वादी उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक बंटवारा वाद अन्तर्गत धारा-176 ज0उ0 एवं भू0सु0अधि0 के अन्तर्गत पेश किया है। जिसमें आपकी उपस्थिति वांछनीय है।

अतः आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 27/11/24 को बवक्त 10.00 बजे दिन मेरे न्यायालय असालतन या वकालतन न्यायालय उपस्थित होकर अपनी पैरवी करना सुनिश्चित करे अन्यथा आपके अनुपस्थिति में वाद में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 27/9/24 को जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**न्यायालय असि0 कलेक्ट्र प्रथम श्रेणी, कोटद्वार गढ़वाल**
(0466/15)

## एक नजर

### स्टार्टअप और उद्यमिता अपनाने के लिए किया प्रेरित

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय बनास, पैठाणी पौड़ी गढ़वाल में छात्रों और स्थानीय युवा उद्यमियों के लिए दो दिवसीय बूट कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर देव भूमि उद्यमिता केंद्र के जिला नोडल ऑफिसर डा. अरुणेश पांडेय ने कहा कि स्टार्टअप एवं उद्यमिता के द्वारा हम अन्य लोगों को भी अपने साथ जोड़कर रोजगार दे सकते हैं।

महाविद्यालय में आयोजित कैंप में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून से प्रोजेक्ट ऑफिसर एवं मुख्य वक्ता डा. अबनीश कुमार ने छात्र-छात्राओं से वर्तमान समय की मांग क्या है और हम किस-किस क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं पर विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर केंद्र के नोडल अधिकारी एवं मेंटर डा. गौरव जोशी, देवभूमि उद्यमिता केंद्र के फैकल्टी मेंटर एवं मीडिया प्रभारी डॉ. प्रकाश फोंदणी, अमर सिंह नेगी, उद्यमी विकास कुकरेती, मोहन सिंह, प्रधान गुलाब सिंह नेगी, नवीन गुसांई, भरत सिंह भंडारी आदि शामिल रहे।

### हाईवे में स्टंट करना पड़ा महंगा

चमोली : बदरीनाथ हाइवे पर हनुमानचट्टी क्षेत्र में कार में सवार एक सैलानी द्वारा चलते वाहन से बाहर लटककर स्टंटबाजी और फोटोग्राफी करने पर पुलिस ने पकड़ कर उसका चालान किया।। पुलिस का कहना है कि स्टंट करने वाला चालक अपनी जान के साथ ही अन्य लोगों के लिए भी खतरा पैदा कर रहा था। पुलिस के अनुसार वाहन में सवार रॉबिन पुत्र रहमत के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। (एजेंसी)

### 2 अक्टूबर को जेल भरो आंदोलन

चमोली : गैरसैंण स्थाई राजधानी निर्माण समिति 2 अक्तूबर को उत्तराखंड राज्य निर्माण के दौरान शहीद हुए आंदोलनकारियों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करेगी। श्रद्धांजलि उपरांत तहसील में सांकेतिक गिरफ्तारी दी जाएगी। संगठन अध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट ने शुक्रवार को तहसील के माध्यम से सूबे के सीएम को ज्ञापन भी प्रेषित किया है। बिष्ट ने कहा कि एक सितंबर को गैरसैंण में सशक्त भूकानून, मूल निवास 1950 लागू करने व गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाने के लिए प्रदर्शन किया गया था लेकिन सरकार के माध्यम से अभी तक इन तीनों ही मांगों पर संज्ञान नहीं लिया गया है। (एजेंसी)

### छात्र संघ चुनाव प्रचार ने पकड़ा जोर

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर में प्रत्याशियों की घोषणा होने के बाद प्रत्याशी और समर्थकों ने प्रचार में तेजी ला दी है। बिड़ला और चौरास परिसर में प्रत्याशी और उनके समर्थक सुबह से लेकर शाम तक चुनाव प्रचार कर रहे हैं। आगामी 1 अक्तूबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव को देखते हुए प्रत्याशी और उनके समर्थक बिड़ला परिसर में रैली निकालकर छात्रों को अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील कर रहे हैं। वहीं कई छात्र संगठन लिंगदोह का पूरी तरह उल्लंघन करते दिख रहे है। (एजेंसी)

### प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बनें अनूप नेगी

रुद्रप्रयाग : प्राथमिक शिक्षक संघ रुद्रप्रयाग की शाखा अगस्त्यमुनि के अध्यक्ष पद पर अनूप नेगी, मंत्री गिरजेश सेमवाल तथा कोषाध्यक्ष नीलम बिष्ट सहित सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपंन हुआ। गणपति वेडिंग पैलेस अगस्त्यमुनि में क्षेत्रीय शाखा की तदर्थ समिति के अध्यक्ष अनूप नेगी की अध्यक्षता में आयोजित शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं अधिवेशन में अगले तीन वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी और अधिवेशन के प्रथम सत्र में प्रारंभिक शिक्षा की चुनौती में निपुण भारत अभियान व विद्या समीक्षा केन्द्र की भूमिका पर चर्चा और सुझाव पर प्रबुद्ध शिक्षकों द्वारा विचार रखे गए।

### बैठक 29 सितंबर को

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** गौचर मेले की बैठक 29 सितम्बर को आयोजित की जाएगी। मेलाधिकारी/एसडीएम कर्णप्रयाग संतोष पाण्डेय ने बताया कि 72वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला 2024 के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रथम बैठक 29 सितम्बर, रविवार को दोपहर 12 बजे राजकीय इण्टर कॉलेज गौचर में आहूत की गयी है।

# विश्व पर्यटन दिवस पर कार्मिकों ने ली स्वच्छता की शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जनपद के विभिन्न पर्यटक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों व स्थानीय लोगों द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। इस दौरान उन्हें स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। वहीं जनपद मुख्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जारी रोस्टर के अनुरूप जनपद के विभिन्न स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 17 सितम्बर से शुरू व 02 अक्टूबर तक चलाया जायेगा। शुक्रवार को जनपद के लैंसडौन छावनी परिषद, कण्वाश्रम, राजाजी नेशनल पार्क एवं जोंक स्वर्गाश्रम में वृहद सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावा जिला पर्यटन कार्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी

किया गया। जिसमें स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर एक स्वच्छ कचरा मुक्त ग्रह बना सकते हैं, इससे आपके आसपास का वातावरण भी स्वच्छ रहता है। कहा कि स्वच्छ घर होने से गांव स्वच्छ होगा तो सामाजिक माहौल सुधरेगा। यदि गांव साफ सुथरा होगा तो कई गंभीर रोगों से छुटकारा भी मिलेगा। वहीं जिला पर्यटन अधिकारी खुशाल सिंह नेगी ने पर्यटन की महत्ता को बताते हुए पर्यटन की स्वरोजगार योजनाओं एवं साहसिक क्रियाकलापों की जानकारी दी। वहीं उत्तराखंड ग्रामीण बैंक शाखा पौड़ी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बीआर मार्डन स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक हरिहर पटनायक द्वारा अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि हमें अपने आस-पास स्वच्छता का विशेष ध्यान देना चाहिए और अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना होगा। इस अवसर पर प्रबंधक बीआर मार्डन स्कूल दामोदर प्रसाद ममगांई, पर्यटन विभाग से कांता प्रसाद, रितेश नेगी, प्रदीप कुमार, मनोज सिंह, मोनिका सहित अन्य उपस्थित थे।

### चित्रकला में अनुष्का, अली और अनुराग रहे अव्वल

पौड़ी : चित्रकला प्रतियोगिता में जीजीआईसी पौड़ी, डीएवी इंटर कॉलेज पौड़ी व राजकीय इंटर कॉलेज पौड़ी के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में जीजीआईसी की अनुष्का प्रथम, कविता द्वितीय व ऐश्वर्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जीआईसी के अली हुसैन प्रथम, नमन द्वितीय व हर्षित तृतीय स्थान पर रहा। जबकि डीएवी इंटर कॉलेज के अनुराग शाह प्रथम, काकूल नेगी द्वितीय व आदित्य कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्थानीय विधायक ने प्रथम प्राप्त करने वालो को तीन-तीन हजार, द्वितीय स्थान पर रहे को दो-दो हजार व तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को एक-एक हजार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर प्रदेश के चार गांवों जखोल, सूपी, हर्षिल व गुंजी को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार मिलना उत्तराखंड के लिए बड़े गौरव की बात है। राज्य सरकार, प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार की होम स्टे योजना इस लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण साबित हो रही है। इसके अलावा, सरकार नए टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित करने के साथ ही राज्य में साहसिक पर्यटन की गतिविधियों को भी बढ़ावा दे रही है। इससे राज्य में रोजगार सृजन में भी मदद मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा केदारनाथ की भूमि से 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का बताया था। राज्य सरकार उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। जनता के सहयोग से राज्य में हर क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 4.4 प्रतिशत बेरोजगारी घट गई है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की रैंकिंग में उत्तराखंड प्रथम स्थान पर आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर परीक्षाओं में नकल रोकने को लेकर आदर्श स्थापित किया है। इसी के परिणाम स्वरूप राज्य सरकार विगत कुछ समय में पूरी पारदर्शिता के साथ सत्रह हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती करने में सफल हुई है।

## नौकरी के लिए सड़क पर उतरे युवा

चमोली : गोपेश्वर में उत्तराखंड बेरोजगार संघ के बैनर तले युवाओं ने शुक्रवार को रोजगार के लिए प्रदर्शन किया। मौके पर युवाओं ने विभिन्न परीक्षाओं में स्थिति के अनुसार नियमावली में परिवर्तन करने की मांग भी उठाई। इसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को 11 सूत्रीय मांगपत्र भेजा। शुक्रवार को संघ के आह्वान पर जिले भर के बेरोजगार युवाओं ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर गोपेश्वर में रैली निकालकर सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाई। इसके बाद मुख्य तिराहे पर एकत्र होकर जन सभा की। गौरव कुमार ने कहा कि युवा बेरोजगारी से परेशान हैं। वे लोग सरकार से पुलिस कांस्टेबल भर्ती में उम्र में छूट मांग रहे हैं। इसके साथ ही राजकीय महाविद्यालयों में अस्सिटेंट प्रोफेसर परीक्षा में एक पीआई प्रणाली को समाप्त कर भर्ती विज्ञापन प्रकाशित करने की मांग की जा रही है। प्रदर्शनकारियों में गौरव कुंवर, सूर्य प्रकाश पुरोहित, शुभम बिष्ट, पायल, अमीषा, मंदिरा, ऋतु, आरती पुरोहित, प्रीति गुसाईं, राहुल रावत, नरेंद्र रावत, अभिषेक रावत, गोलू बिष्ट, गब्बर बिष्ट, कान्हा रावत, मनोज पंवार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

**ये है प्रमुख मांगे**

यूपीसीएल, यूजेवीएनएल, जेई, एई, टीजी 2 भर्ती विज्ञापन शीघ्र जारी किया जाए। विभिन्न विभागों ने संविदा के बजाय सीधी भर्ती की जाए, उत्तराखण्ड में सरकारी नौकरी भर्ती परीक्षा तय समय पर हो, वन आरक्षी परीक्षा 2022 की परीक्षा सूची में चयनित अभ्यर्थियों को तत्काल नौकरी दी जाए और नयी भर्ती परीक्षा में उम्र सीमा बढ़ाई जाए, आयोगों द्वारा आयोजित परीक्षाओं में पूर्व निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार ही प्रश्न रखें जायं, क्लब परीक्षाओं में प्रतीक्षा सूची का प्रावधान किया जाए, फर्जी तरीके से डीएलएड लेने वालों के विरुद्ध कार्यवाही हो, नयी भर्ती विज्ञापन शीघ्र जारी की जाय और नए सिरे से विधानसभा सभा और सचिवालय में सीधी भर्ती की जाए।

### जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए जनसेवक और अधिकारियों का समन्वय जरूरी

**जयन्त प्रतिनिधि।** रूद्रप्रयाग : दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंची प्रदेश की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती रेखा आर्या की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास खंड अगस्त्यमुनि के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज बसुकेदार में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 105 शिकायतें दर्ज कराई गई। मंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए जन सेवक और अधिकारियों के बीच समन्वय जरूरी है। कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है इसके लिए समय-समय पर सरकार जनता के द्वार एवं जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

# अधिकारियों ने सीखें आपदा से बचाव के गुर

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) व आपदा प्रबंधन पौड़ी की संयुक्त तत्वाधान में जिला कार्यालय सभागार में रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु आपदा के विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हो गया है। इस दौरान एनडीआरएफ के प्रशिक्षकों ने जनपद के जिला स्तरीय अधिकारियों को उनके दायित्वों को लेकर किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी।

अस्टिंट कमांडेंट कर्मवीर सिंह भंडारी ने प्रशिक्षण के दौरान रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु आपदाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने इन आपदाओं के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपायों और प्रभावी बचाव तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने आपदा के बाद तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, अग्निशामक यंत्र का

उपयोग, सीबीआरएन उपकरणों जैसे रेस्पिरेटर, मास्क, लीक टेस्टर, ग्लबस, बूट्स के उपयोगों, केमिकल डिजास्टर के अंतर्गत हैजार्डस केमिकल, प्वाइजनस केमिकल लीथल डोज, केमिकल्स के स्थानांतरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने ने सीबीआरएन उपकरणों जैसे रेस्पिरेटर, मास्क, लीक टेस्टर, ग्लबस, बूट्स के उपयोगों के बारे की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने आपदा प्रबंधन प्रणाली, प्राथमिक चिकित्सा और राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर की जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने ऐसी आपदाओं में सेफ्टी ऑफिसर की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी बताया। इस दौरान एनडीआरएफ की टीम द्वारा आपदा के समय रिस्पांस टाइम को कम से कम करने, आपदा घटित होने पर आवश्यक राहत एवं बचाव उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर त्वरित राहत बचाव के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा भी अपने-अपने विभागीय स्तर से की जाने वाली बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी साझा की। इस मौके पर एएसपी अनूल काला, पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, सैनिक कल्याण अधिकारी करण सिंह रावत, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, तहसीलदार दीवान सिंह राणा, जिला पूर्ति अधिकारी अरुण वर्मा, खेल अधिकारी संदीप डुकलान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# धामी सरकार की रुद्रप्रयाग को सौगात, ऊखीमठ बनेगा सीएचसी, मक्कूमठ पीएचसी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रुद्रप्रयाग : प्रदेश की धामी सरकार रुद्रप्रयाग की जनता को त्योहारी सीजन के मौके पर दो सौगात देने जा रही है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार का कहना है कि ऊखीमठ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उच्चीकृत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा। इसके अलावा मक्कूमठ स्वास्थ्य उपकेंद्र को अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बदला जाएगा। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत के निर्देश पर जिले की जनता को यह सौगात दी जा रही हैं। इस संबंध में जल्द ही शासनादेश जारी कर दिया जाएगा।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह के निर्देश पर रुद्रप्रयाग के दो दिवसीय दौरे पर हैं। स्वास्थ्य सचिव रुद्रप्रयाग के प्रभारी सचिव भी हैं। इस मौके पर उन्होंने ऊखीमठ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस सेंटर को अब उच्चीकृत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जा रहा है। उन्होंने मक्कूमठ स्वास्थ्य उपकेंद्र का भी निरीक्षण किया और मेडिकल स्टाफ को मरीजों की उचित जांच और इलाज के निर्देश दिये। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि दोनों केंद्रों के उच्चीकरण की कार्यवाही तेजी से चल रही है। मक्कूमठ में मानकों के तहत जनसंख्या कम है, लेकिन मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों पर इसे भी पीएचसी के तौर पर उच्चीकृत किया जा रहा है ताकि यहां के ग्रामीणों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इसके बाद स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने सोनप्रयाग और सीतापुर में आपदाग्रस्त क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सिंचाई, लोक निर्माण और अन्य विभागों के अधिकारियों को आपस में समन्वय कर तेज गति से विकास कार्य करने के निर्देश दिये। प्रभारी सचिव ने बताया कि 31 जुलाई को अतिवृष्टि और भूस्खलन से केदारनाथ पैदल मार्ग और गौरीकुंड-सोनप्रयाग राजमार्ग को नुकसान हुआ था। उन्होंने बताया कि केदारनाथ यात्रा गति पकड़ रही है और वैकल्पिक पैदल मार्ग पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि कि यह मार्ग अगले एक महीने पूरी तरह से ठीक हो जाएगा। सोन नदी के दाईं ओर चल रहे कार्य अगले 15 दिन में पूरे हो जाएंगे। नदी के बांयी ओर बाढ सुरक्षा का कार्य गतिमान है। प्रभारी सचिव ने सोनप्रयाग बाजार में घोडा पड़ाव का निरीक्षण भी किया। यहां क्षतिग्रस्त बाढ़ सुरक्षा दीवार की मरम्मत कर दी गयी है। इसके अलावा सीतापुर में मन्दाकिनी नदी के डायवर्जन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा सीतापुर पार्किंग की बाढ़ सुरक्षा कार्य गतिमान है।

## संयुक्त जन मोर्चा ने पेयजल आपूर्ति सुचारु करने की उठाई मांग

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** संयुक्त जन मोर्चा ने शहर में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को ठीक करने व जगह-जगह लीकेज की समस्या को जल्द हल करने की मांग की है। कहा कि शहर में कई जगहों पर पेयजल लीकेज होकर बर्बाद हो रहा है। उन्होंने शहर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को ठीक करते हुए लीकेज की समस्या को जल्द ठीक किया जाना आवश्यक है। शुक्रवार को संयुक्त जन मोर्चा ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता से मुलाकात की। इस दौरान मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि शहर में पेयजल आपूर्ति को लेकर दिक्कतें हो रही हैं। कई मोहल्लों में थोड़ी देर के लिए ही पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, जबकि सभी से एक समान पेयजल बिल वसूला जा रहा है। इस मौके पर मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश बिष्ट, संयोजक सरिता नेगी, सचिव तसलीम जावेद सिद्धिकी, अनवर खान, त्रिलोक सिंह रावत, भूपेंद्र टम्टा, धर्मलाल, देवेश्वरी देवी, मंजू देवी आदि शामिल रहे।

### विधायक ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** स्वच्छता ही सेवा के तहत नगर पालिका पौड़ी के तत्वावधान में शुक्रवार को पौड़ी में स्वच्छता एवं जनगारूकता रैली निकाली गई। रैली में पालिका कर्मियों के साथ ही एनसीसी कैडिटस ने भी हिस्सा लिया।

पौड़ी एजेंसी चौक पर विधायक राजकुमार पोरी ने पहले प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इसके बाद रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली एजेंसी चौक से माल रोड होते हुए पालिका सभागार तक निकली। पालिका सभागार में ईओ गौरव भसीन ने एनसीसी कैडिटस और युवाओं से संवाद किया और स्वच्छता को लेकर विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

# स्नान घाटों को सुरक्षित किया जाना जरूरी

चमोली : बदरीनाथ धाम में अलकनंदा में स्नान, आचमन, तर्पण करते समय तीर्थयात्रियों के बहने की घटना के बाद मंदिर समिति ने जागरूकता अभियान के लिए कदम उठाए हैं।

मंदिर समिति की ओर से श्री बदरीनाथ पंडा पंचायत को बाल्टियां तथा मग सौंपे गए। ताकि यात्री नदी से जल लेकर स्नान कर सकें। उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने कहा है कि स्नान घाटों को सुरक्षित किया जाना जरूरी है इसके लिए नदी के किनारों पर लोहे के चैन से दोहरी सुरक्षा की जानी चाहिए। बीते मंगलवारको भारतीय मूल के एनआर आई मलेशिया निवासी पिता पुत्र के बहने की घटना हुई थी। जिसमें सुरेश चन्द्र को तो बचा लिया गया। पर उनके पुत्र बलराज नदी में अभी तक लापता हैं। बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया इस घटना के बाद मंदिर समिति ने श्राद्ध तर्पण से जुड़े तीर्थ पुरोहितों तथा बदरीनाथ पंडा पंचायत से संपर्क कर तीर्थयात्रियों को जागरूक करने तथा नदी के बहाव में न जाने की अपील की है। (एजेंसी)

### डीएम ने स्मार्ट क्लास के लिए दिए 15.6 लाख

नई टिहरी : पीजी कॉलेज नई टिहरी के छात्रसंघ और छात्रों की मांग पर डीएम मयूर दीक्षित ने वाटर कूलर और स्मार्ट क्लास के लिए अनटाइड फंड से 15.6 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। बीते दिनों छात्रों ने मांगों को लेकर 39 दिनों तक धरना दिया था। डीएम ने बीती 13 सितंबर को मौके पर पहुंचकर छात्रों को मांगों पर कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुए आंदोलन को समाप्त करवाया था। मामले में डीएम ने बताया कि स्वीकृत धनराशि के तहत कॉलेज में 3.60 लाख से वाटर कूलर तथा 12 लाख की लागत से स्मार्ट क्लासों का निर्माण होगा। डीएम ने संबंधितों को कॉलेज में जल्द सुविधाएं बहाल करने को निर्देशित किया। (एजेंसी)

# उत्तराखण्ड के जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांव को मिला सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार

### चयनित ग्रामों के प्रधानों ने प्राप्त किया पुरस्कार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विश्व पर्यटन दिवस समारोह के आयोजन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तराखण्ड के चयनित ग्रामों के प्रधानों द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार प्राप्त किया गया इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जिले के जखोल गांव को साहसिक पर्यटन के लिए चुना गया, जो अपनी ऊंचाई, खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यों और चुनौतीपूर्ण ट्रेकिंग रूट्स के लिए जाना जाता है।

साहसिक गतिविधियों के शौकीनों के बीच यह गांव तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। उत्तरकाशी जिले के ही हर्षिल गांव और पिथौरागढ़ जिले के गुंजी गांव को वाइब्रेंट विलेज के रूप में सम्मानित किया गया। हर्षिल अपनी प्राकृतिक सुन्दरता, बर्फ से ढके पहाड़ों और सेब के बागानों के लिए प्रसिद्ध है, जबकि गुंजी गांव, जो चीन और नेपाल सीमा के निकट स्थित है, अपनी सामरिक और सांस्कृतिक महत्व के कारण विशेष स्थान रखता है। इन गांवों में स्थानीय संस्कृति और आधुनिकता का संगम देखने को मिलता है। बागेश्वर जिले के सूपी गांव को कृषि पर्यटन के लिए पुरस्कृत किया गया। सूपी गांव अपनी पारम्परिक कृषि पद्धतियों और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के लिए जाना जाता है। कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने के तहत यहां पर्यटकों को ग्रामीण जीवन और खेती से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त किया जा सके। इस अवसर पर उत्तराखण्ड के पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे, अपर निदेश-ाक पर्यटन व नोडल अधिकारी श्रीमती पूनम चंद एवं चयनित चार ग्रामों के प्रधान एवं प्रतिनिधि यथा हर्षिल के ग्राम प्रधान दिनेश सिंह, सूपी की ग्राम प्रधान श्रीमती प्रेमा देवी, जखोल के ग्राम प्रधान विनोद कुमार एवं गूंजी के ग्राम प्रतिनिधि कृष गुंज्याल आदि उपस्थित रहे।

# बीएलओ रजिस्ट्रर को शुद्ध एवं त्रुटि रहित बनाने को कहा

चमोली : उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी मुक्ता मिश्र ने शुक्रवार को एनआईसी कक्ष में समस्त निर्वाचक, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से 01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति के संबंध में बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने बीएलओ के कार्यों तथा रजिस्ट्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम शतप्रतिशत मतदाता सूची में जोड़ने तथा डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने के साथ ही बीएलओ रजिस्ट्रर को शुद्ध एवं त्रुटि रहित बनाने के निर्देश दिए।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेन्द्र सती ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी

उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावली का जनपद के अन्तर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर जांच, सत्यापन का कार्य संपन्न किया जा रहा है। जिसमें उनके द्वारा बीएलओ रजिस्ट्रर के माध्यम से नये मतदाताओं के पंजीकरण, 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम नामावली में दर्ज कराने एवं प्रारूप 6, 7 एवं 8 के आधार पर नाम जोड़ने, नाम हटाने एवं नाम में अशुद्धि को ठीक करने कार्य कर रहे हैं। बैठक में नायब तहसीलदार दीप्ति शिखा, गीता राम उनियाल, चन्द्र सिंह बुटोला, दलबीर सिंह चौहान, सुशील मैखुरी, प्रतिभा रावत, कुसुम देवी सहित अन्य वचुअल माध्यम से उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## तीन महीने बाद वाहनों की आवाजाही के लिए खुली संगम सुरंग

रुद्रप्रयाग : लगभग तीन महीने के बाद जिला मुख्यालय स्थित संगम बाजार में बनी जर्जर सुरंग के ट्रीटमेंट का कार्य करीब पूरा हो गया है। हालांकि अभी सुरंग पर पेंट और लाइट लगाने का कार्य शेष है। लेकिन शुक्रवार को सुरंग पर केदारघाटी की ओर जाने वाले वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। जिससे एक बार फिर से संगम बाजार में रौनक लौट आई है। वहीं दूसरी ओर भरदार क्षेत्र से आने वाले वाहनों को रुद्रप्रयाग बाईपास से छह किमी. अतिरिक्त दूरी तय करने से भी राहत मिल गई है। बीते 5 जुलाई रात्रि को हुई जारेदार बारिश के चलते उक्त सुरंग पर अचानक एक हिस्से पर मलबा और बोल्डर एकाएक हाईवे पर गिर गए। जिससे पुराना हिस्सा टूटने एवं यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए सुरंग को वाहनों एवं राहगीरों के आवाजाही के लिए बंद कर दी गई थी। ताकि सुरंग का ट्रीटमेंट का निर्माण कार्य पूरा हो सके।

### बुडकोट में गुलदार की दहशत

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के द्वारी गांव के बुडकोट तोक में 15 दिनों से गुलदार की दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगाने की मांग की है। ग्रामीण गिरीश गैरोला, विजयराम गैरोला, भूपेंद्र गैरोला, ज्योति प्रसाद, दिनेश प्रसाद, गोविंद बेलवाल, अजय प्रसाद ने बताया कि गुलदार की दहशत के कारण बच्चों को अकेले स्कूल नहीं भेज पा रहे हैं। उन्होंने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने की मांग उठाई है। वन क्षेत्राधिकारी हर्ष राम उनियाल ने बताया कि गुलदार की दहशत से निजात दिलाने के लिए वन कर्मियों की टीम गांव में दशत कर रही है। साथ ही ग्रामीणों को भी रात में अकेले बाहर नहीं निकलने के लिए जागरूक किया जा रहा है। (एजेंसी)

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com